आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 257 ● कटनी ● शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### सीवर की सफाई करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत

**पुणे , एजेंसी।** पुणे के वाघोली में शुक्रवार सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक निजी सोसायटी में सेप्टिक टैंक की सफाई करने के लिए उतरे दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य लापता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण मौके पर पहुंच गए हैं। अधिकारियों ने बताया, लापता कर्मचारी की तलाश के लिए टीम को लगाया गया है। पुलिस ने बताया, प्रथम दृष्ट्या सामने आई जानकारी के मुताबिक, दो कर्मचारियों की मौत सांस रुकने की वजह से हुई।

### तबाही मचा सकता है चक्रवात सितरंग! कई राज्यों में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग के द्वारा जारी एक अलर्ट के मुताबिक उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर और दक्षिण अंडमान सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के आसपास के क्षेत्रों में एक कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके 22 अक्टूबर के आसपास पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। यह 23 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंच सकता है। इस कम दबाव वाले क्षेत्र के धीरे-धीरे एक चक्रवाती तूफान के रूप में बदलने की पूर्ण संभावना है।




## छिंदवाड़ा में तिलक लगाकर स्कूल पहुंचे बच्चों को शिक्षक ने पीटा

### मंदिर में लगे लाउडस्पीकर का भी किया विरोध

**छिंदवाड़ा ,यशभारत।** जिल के आदिवासी विकासखंड बिछुआ में स्कूल में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आना एक शिक्षक को पसंद नहीं आया। जिसके बाद शिक्षक ने करीब 5-6 विधार्थियों की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले की सूचना मिलते ही छात्रों के परिजन स्कूल में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद स्कूल मैनेजमेंट ने पिटाई करने वाले शिक्षक को स्कूल से हटा दिया है। विभाग द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस ने भी कार्यवाई शुरू कर दी है। बिछुआ के एक स्कूल में जहां कक्षा 6 और 7 के छात्र अपने माथे में तिलक लगाकर स्कूल आए थे। लेकिन इसी दौरान शिक्षक ओमप्रकाश ढोके ने छात्रों के तिलक लगाकर आने से नाराज होकर उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिसके बाद इस घटना की जानकारी छात्रों ने घर पहुंचकर अपने परिजनों



को दी। और फिर उन सभी ने स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया। वहीं बच्चों ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि शिक्षक लगातार हिंदू घर्म का विरोध करते रहे है। पिछले दिनों मंदिरों में बजने वाले लाउडस्पीकर का भी विरोध किया था। जिसके जवाब में शिक्षक ने कहा था कि इसका शोर बर्दाश्त नहीं होता। एसआई पूनम उइके ने बताया कि टीचर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सहायक आयुक्त सत्येंद्र मरकामने बताया कि शिकायत के तत्काल बाद बीईओ को जांच हेतु घटनास्थल भेजा गया था। टीचर के सस्पेंशन का प्रतिवेदन मिला है। शिक्षक को स्कूल से हटाकर स्थानांतरित कर दिया गया है। टीचर के खिलाफ जांच बैठाकर कार्रवाई शुरु कर दी गई है।

बता दें कि एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार सब पढ़ो, सब बढ़ो का नारा लगा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में आमादा है। लेकिन कुछ स्कूलों की मनमानी के चलते बच्चें स्कूल जाने से डरते हैं। और पढ़ाई से मुंह छिपाते दिखते रहते हैं। वजह है उन स्कूल में टीचरों की हैवानियत, जहां बच्चे में खौफ भर दिया जाता है। मामूली सी बात पर भी बच्चों को मारा जाता है और कुछ टीचर तो मासूम बच्चों को तालीबानी सजा देने से भी नहीं चूकते।

### प्रयाग राज में युवक की मौत



## बाप रे ! प्लेटलेट की जगह चढ़ा दिया मौसम्बी का जूस

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में डेंगू के मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद जो कुछ सामने आया है, उसको लेकर आरोप गहरा रहा है। मरीज की मौत का कारण प्लेटलेट्स की जगह मौसम्बी का जूस चढ़ाया जाना बताया जा रहा है। मरीज की जान के साथ खिलवाड़ हुआ। आरोप प्रयागराज के झलवा में स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल पर लगा। परिजनों का कहना है कि प्लेटलेट्स चढ़ाने के बाद मरीज की तबियत खराब होने लगी थी। आनन-फानन में दूसरे अस्पताल ले गए। वहां उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि तबीयत खराब होने के बाद मरीज को ग्लोबल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने कहा, प्लेटलेट्स चढ़ाना होगा। 9000 रुपये खर्च किए। प्लेटलेट्स खरीदा। इसे चढ़ाया गया। परिजनों का आरोप है, इसी प्लेटलेट्स ने उनके परिजन की जान ले ली। प्रशासन की ओर से मामले में अस्पताल को सील कर दिया है। लेकिन, इस घटना ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीज के परिजनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पूरे मामले को सामने लाया। उन्होंने मरीज को च?ाए गए प्लेटलेट्स को फर्जी करार दिया। कहा कि यह मोसंबी का जूस है। इसे मरीज को गलत तरीके से चढ़ाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को मिली। डिप्टी सीएम ने ट्वीट पर घटना की जांच कराने क बात कही। डिप्टी सीएम के ट्वीट के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। सीएमओ की प्राथमिक जांच में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही सामने आई। मौसम्बी का जूस चढ़ाए जाने वाले अस्पताल को सील कर दिया गया। नकली प्लेटलेट्स का कारोबार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मरीज प्रदीप पांडेय की हालत बिगड़ने के बाद उसे शहर के दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बहरहाल, इस घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। वहीं, निजी अस्पताल के मालिक का दावा है कि प्लेटलेट्स किसी अन्य जगह से लाए गए थे। तीन यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाए जाने के बाद मरीज को दिक्कत होने लगी थी।

### डिप्टी सीएम ने ट्वीट कर कहा अस्पताल को करो सील

डिप्टी सीएम पाठक ने ट्वीट कर इस मामले में जनपद प्रयागराज में झलवा स्थित ग्लोबल अस्पताल द्वारा डेंगू के मरीज को प्लेटलेट्स की जगह मौसम्बी का जूस चढ़ा देने के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। मेरी ओर से जारी किए आदेशों के क्रम में अस्पताल को तत्काल सील कर दिया गया है और प्लेट्लेट्स पैकेट को जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल प्रबंधन दोषी पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मरीज की मौत गलत प्लेटलेट्स के कारण हुई या कुछ और कारण रहा, यह प्लेटलेट्स के नमूनों की जांच के बाद पता चलेगा।



## 2 बार की चैंपियन वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप से बाहर

### आयरलैंड ने क्वालिफाइंग राउंड में हराया

**होबार्ट, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में शुक्रवार को सबसे बड़ा उलटफेर हुआ। 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन वेस्टइंडीज क्वालिफाइंग राउंड में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। आयरलैंड ने विश्वविजेता टीम को 9 विकेट से हरा दिया। ऐसा पहली बार है जब कोई विश्व विजेता टीम मेन राउंड में नहीं पहुंची है। वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। ICC रैंकिंग में आयरलैंड की टीम 12वें स्थान पर है वहीं, वेस्टइंडीज की टीम सातवें नंबर पर है। अब देखिए ग्रुप बी का गणित- आयरलैंड दो जीत के बाद 4 अंक लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर है और वह सुपर-12 के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर है। 2016 की चैंपियन 2 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर है। ग्रुप का आखिरी मुकाबला जिम्बाब्वे और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाना है। इस मैच की विजेता टीम भी सुपर-12 में जाएगी। कौन किस पूल में होगा। इसका फैसला मैच के बाद होगा। अभी स्कॉटलैंड, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज एक-एक जीत के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। तीनों के एक समान दो-दो अंक हैं।

## अरुणाचल में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के उत्तरी सियांग जिले में सेना के एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की खबर है। परेशानी की बात ये है कि जिस जगह ये हादसा हुआ है, वहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इस वजह से हादसे में हुए नुकसान की कोई खबर नहीं आ पाई है।

सेना का बताव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो चुका है। मामले में और ज्यादा जानकारी की प्रतीक्षा है।इसी महीने 5 अक्टूबर को ही सेना का एक अन्य हेलिकॉप्टर तवांग इलाके में उड़ान के दौरान क्रैश हुआ था। यह इलाका चीन सीमा के पास है। इस घटना में हेलिकॉप्टर के एक पायलट की मौत हुई थी। सेना की ओर से कहा गया था कि रूटीन उड़ान के दौरान यह घटना हुई थी. जिसमें लेफ्टिनेंट



कर्नल सौरभ यादव की मौत हो गई थी। इस हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण सामने नहीं आया है। आपको बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ साल में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2010 से लेकर अब तक अरुणाचल प्रदेश में हुए करीब 6 हेलिकॉप्टर हादसों में 40 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कटनी सहित 3 शहरों में पटाखों पर बैन लगाने की सिफारिश

**भोपाल, यशभारत।** कोरोना महामारी और उसके रोकथाम के बाद पूरे देश मे दिवाली की तैयारियां अपने चरम पर है। लेकिन इस बार फिर मध्य प्रदेश में दीपावली पर सख्ती देखने को मिल सकती है। राज्य के 3 बड़े शहर ग्वालियर, कटनी और सिंगरौली में दीपावली पर पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह प्रतिबंध लग सकता है। साथ ही राजधानी भोपाल और इंदौर में ग्रीन पटाखे फोड़ते की अनुमति होगी।दरअसल मध्य प्रदेश पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड ने ग्वालियर, कटनी और सिंगरौली में दीपावली पर पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। बताया जा रहा है कि पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के फैसले में तय



फार्मूले के हिसाब से इन शहरों में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध की सिफारिश गृह विभाग को भेज दी है। जानकारी के अनुसार पिछले साल नवंबर में इन तीनों शहरों का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 से अधिक यानी पुअर केटेगरी था। ऐसे में

### भोपाल-इंदौर में ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी दोनों के आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी संबंधित कलेक्टर, एसपी और पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सिफारिश के आधार पर अब गृह विभाग पटाखों पर प्रतिबंध और छूट संबंधी आदेश जारी कर सकता है। बता दें कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सागर और रतलाम जैसे शहरों में रात 8 से 10 बजे के बीच सिर्फ ग्रीन पटाखे ही फो?ने की अनुमति होगी। जानकारों की माने तो नवंबर 2021 में इन 6 शहरों का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 100 से 200 के बीच रिकॉर्ड हुआ था जिसमें भोपाल का सर्वाधिक 195 और इंदौर का 192 था। वहीं जिन शहरों में एक्यूआई 100 से नीचे था, वहां पटाखे फोड़े जा सकेंगे। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट का पटाखों पर प्रतिबंध का आदेश सिर्फ शहरी इलाकों के लिए है। इसलिए ग्रामीण इलाके पटाखों पर प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

## भांजी की पार्थिव देह कंधे में लेकर भटकता रहा मामा

### एम्बुलेंस नहीं मिली, बस में लेकर पहुंचा गांव

**छतरपुर,यशभारत।** एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। छतरपुर जिला अस्पताल में शव वाहन न मिलने से एक मामा अपनी भांजी के शव को दो घंटे तक कंधे पर ले कर इधर उधर भटकता रहा और अंत में बस से अपनी भांजी का शव अपने गांव ले गया। ये सब उस राज्य में हुआ जहां स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं।दरअसल जिले के बिजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजना के पाटन गांव में रहने वाले रामेश्वर की चार साल की बेटी खेलते-खेलते नदी की मिट्टी में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसके बाद उसे बिजावर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। गांव से छतरपुर मुख्यालय की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है। जिला अस्पताल पहुंचते पहुंचते घायल प्रीति को लगभग 2 घंटे लग गए। जिला अस्पताल पहुंचते ही ह्र्अ में उसका इलाज शुरू हो गया। इलाज चल ही रहा था कि तभी 4 साल की मासूम प्रीति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## कांग्रेस को एकजुट रखना ही खड़गे की सबसे बड़ी चुनौती

### 26 अक्तूबर को संभालेंगे अध्यक्ष पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सबसे पुरानी पार्टी को मजबूत करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना होगा। पिछले 24 साल बाद गांधी परिवार के इतर अध्यक्ष बने खड़गे के लिए सबसे पहली चुनौती गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की है। साथ ही राजस्थान व कर्नाटक में जारी अंदरूनी संघर्ष ने परेशानी और बढ़ा दी है। ऐसे में आम चुनाव से पहले पार्टी को एकजुट करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। वह 26 अक्तूबर को आधिकारिक तौर पर पार्टी अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगे। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में भाजपा की मजबूत पकड़ है। ऐसे में यहां के विधानसभा चुनाव खरगे के लिए पहली चुनौती होंगे। मौजूदा समय में केवल दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही कांग्रेस की सरकार है। हिमाचल और गुजरात की परीक्षा के बाद 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसमें उनका गृह राज्य कर्नाटक भी शामिल है। पार्टी में उनके लिए अनुभवी व युवाओं के बीच संतुलन बनाए रखना भी चुनौती होगा। राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई ने कहा कि खरगे के सामने कई चुनौतियां हैं, क्योंकि उन्हें 'टीम राहुल गांधी' के सदस्यों के साथ समन्वय करना होगा, जो एआईसीसी, सीडब्ल्यूसी और अधिकतर राज्यों में प्रमुख पदों पर काबिज हैं। वहीं, राजनीतिक समीक्षक संजय कुमार ने कहा कि पार्टी के लिए कई चुनौतियां हैं और दुर्भाग्य से खरगे की नेतृत्व करने की क्षमता का परीक्षण कांग्रेस की चुनावी सफलता के आधार पर ही किया जाएगा।



### चुनाव से पहले गुजरात भी भेजा संदेश

## उत्तराखंड से कैसे हिमाचल को साध गए पीएम मोदी

**देहरादून, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा केदार की पूजा अर्चना की तो कुछ नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। पीएम ने 9.7 किलोमीटर लंबे गौरीकुंड-केदारनाथ रोपवे की आधारशिला रखी। इससे 8 घंटे का मुश्किल सफर महज 30 मिनट में पूरा हो जाएगा। ढाई घंटे के कार्यक्रम के दौरान पीएम आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि स्थल पर पहुंचे तो मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ का निरीक्षण किया। पीएम मोदी बाबा केदारनाथ और बदरी विशाल के दर्शन को ऐसे समय पर पहुंचे हैं, जब हिमाचल प्रदेश में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। गुजरात में भी जल्द ही बिगुल बज सकता है। ऐसे में पीएम मोदी की यात्रा में भी राजनीतिक कनेक्शन तलाशे जा रहे हैं। प्रतीकों की राजनीति में बेहद माहिर पीएम मोदी के कपड़ों को लेकर भी खूब चर्चा हो रही है, जिसका कनेक्शन चुनावी राज्य हिमाचल से है। पीएम मोदी केदारनाथ धाम में हेलिकॉप्टर से उतरे तो च्चोला डोराज में नजर आए।



बताया जा रहा है कि इस परिधान को हिमाचल के चंबा में रहने वाली एक महिला ने तैयार किया था। उन्होंने इसे बतौर उपहार पीएम को भेंट किया था। पीएम मोदी ने इसे स्वीकार करते हुए वादा किया था कि किसी खास मौके पर वह इसे पहनेंगे। इस परिधान को पीएम मोदी ने उत्तराखंड में पहनकर एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ तक संदेश भेज दिया है। उत्तराखंड में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड बना चुकी भाजपा हिमाचल में भी 37 साल बाद सरकार रिपीट करने की कोशिश में जुटी है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो पीएम मोदी के इस च्दर्शनज्का लाभ पार्टी को गुजरात में भी होगा। लगातार 27 सालों से गुजरात में सरकार चला रही भाजपा ने यहां चहिंदुत्व के साथ विकासज्के सहारे ही अपनी जड़ें इतनी मजबूत की हैं। मोदी की सफलता के पीछे भी यही सबसे मजबूत फॉर्मूला बताया जाता है। केदारनाथ में गुजरात से भी बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री पहुंचते हैं। 2013 में आए भीषण आपदा में यहां गुजरात के भी बहुत से तीर्थयात्रियों की जान गई थी। तभी से पीएम मोदी ने केदारनाथ के कालाकल्प में बड़ी दिलचस्पी दिखाई है। पीएम बनने के बाद वह छह बार केदारनाथ पहुंच चुके हैं और हर बार कुछ खास सौगातों के साथ आए। गुजरात में बाबा केदारनाथ के भक्तों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखकर ही राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी समते बीजेपी के अधिकतर नेता लगातार पीएम मोदी की तस्वीरों और वीडियो को शेयर करते रहे।

शुभांक -2-4-6

# ऑनलाइन गेम में हारी रकम चुकाने रची थी खुद के अपहरण की कहानी

## 200 रूपए जीतने के बाद एक माह में हार गया था 68 हजार रूपए



### विजयराघवगढ़ पुलिस ने सुलझाई नाटकीय अपहरण की गुत्थी

**कटनी, यशभारत।** सोशल मीडिया के लगातार दुरुपयोग व अंधाधुंध उपयोग से लोग ठगों के जाल में फंस रहे हैं। वहीं ऑनलाइन गेम की लत युवाओं को बर्बाद कर रही है। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने ऑनलाइन गेम की लत में पड़कर हजारों रुपए गवां दिए और खुद के अपहरण की साजिश रच ली। कई थानों की पुलिस को अपने पीछे छकाया। दरअसल युवक ऑनलाइन गेम खेलने का आदि था और एक माह में 68 हजार रुपए हार चुका था। कर्ज उतारने का युवक को जब कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने खुद के ही अपहरण की झूठी खबर फैला दी। गुरुवार को विजयराघवगढ़ पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए युवक के बयान न्यायालय में दर्ज करवाए हैं। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि ग्राम कुंदरेही निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र सिंह रघुवंशी ने बयान दिए हैं। जिसमें उसने बताया है कि वह तीन पत्ती ऑनलाइन गेम एक माह से खेल रहा है। पहली बार में उसने 200 रुपए जीते तो अपनी मां के खाते से 58 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर गेम खेलना शुरू कर दिया। एक माह में ही जितेन्द्र 58 हजार रुपए गेम में हार गया। इसी बीच उसके पिता ने 10 हजार रुपए किसी काम के लिए दिए तो जितेन्द्र उसे भी गेम में हार गया। 68 हजार रुपए हारने के बाद जितेन्द्र ने अपने ही अपहरण की साजिश रची।

परिवार से 2 लाख रुपए फिरौती मिलने पर वह 68 हजार वापस करता और फिर बचे पैसों से गेम खेलता। गौरतलब है कि 16 अक्टूबर की सुबह सिनगौड़ी बाजार से अज्ञात दो लोगों द्वारा ग्राम कुंदरेही निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र सिंह रघुवंशी पिता भरत सिंह रघुवंशी के अपहरण किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। युवक के नंबर से उसके पिता को फोन कर दो लाख रुपए फिरौती मांगी गई थी। मामले में पतासाजी शुरू की गई। कई टीमें उसे तलाशने में लगीं और 17 अक्टूबर की सुबह युवक कुंदरेही के समीप ही झगरहा हार में मिला। पूछताछ में युवक ने पुलिस को जानकारी दी कि मोटरसायकल सवार तीन युवकों ने किडनैप किया था और दो लोगों ने उसे पेट्रोल पंप के पास छोड़ कर गए हैं।

### गांव में ही छिपकर फिरौती के लिए करता था फोन

जितेन्द्र खुद ही गांव में मंदिर के पास छिप गया और परिवार के लोगों को फोन कर अपहरण की जानकारी दी। पुलिस सक्रिय हुई तो सायरन की आवाज सुनकर जितेन्द्र अपनी छिपने की जगह बदलने लगा। सिनगौड़ी में शारदा माता मंदिर, राशन की दुकान व स्कूल के पास छिपकर उसने एक दिन का समय काटा और अगले दिन सबके सामने आ गया।

### मां के हार्टअटैक की खबर सुनकर खत्म किया ड्रामा

अपहरण कांड को लेकर पुलिस सक्रिय हुई तो छिपकर बैठा युवक घबरा गया। परिवार के लोगों ने भी जितेन्द्र की मां की तस्वीर नर्स के साथ वायरल की और बताया कि जितेन्द्र की मां को हार्टअटैक आया है यदि किडनेपर उसे नहीं छोड़ते हैं तो उसकी मां की मौत हो जाएगी। तब जितेन्द्र ने अपना ड्रामा खत्म किया।





# गायत्रीनगर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर विवाद

## अतिक्रमण की सूचना पर पहुंचे टीआई और तहसीलदार

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के गायत्री नगर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन के समतली करण के दौरान जेसीबी मशीन से गिराई गई एक पेड़ की डाल के नीचे दबने से हुई एक गाय की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गाय की मौत के बाद कुछ लोगों ने उसी जमीन में गड्ढा खोदकर गाय के शव को रखा और उसके ऊपर चबूतरा बना दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जहां से सीमेंट और फावड़ा जप्त किया गया है। तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने नगर निगम के कर्मचारियों को चबूतरा हटाकर गाय के शव को सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कराने के लिए कहा है। तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि गायत्री नगर स्थित एमपीईबी की जमीन थी जो अब मध्यप्रदेश शासन के पोर्टल में दर्ज कर ली गई है। जमीन की नीलामी कराए जाने की प्रक्रिया की जानी है। इस बीच सूचना मिली जमीन पर चबूतरा बनाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके से सीमेंट और फावड़ा जप्त किया गया है। नगर निगम के कर्मचारियों को चबूतरा हटाकर गाय के शव का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार करने के निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि 18 अक्टूबर को जेसीबी की टक्कर से गिरी एक पेड़ की डाल के नीचे गाय दब गई। जिसके कारण गाय की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में विशाल तिवारी की शिकायत पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरुवार को उसी मृत गाय के शव को जमीन गड्ढा खोदकर रखा गया और गड्ढे के ऊपर चबूतरा बना दिया था। जिसकी सूचना मिलने पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह सहित आरआई, नगर निगम के अधिकारी वहां पर पहुंचे थे।

### गाय की मौत के बाद शव को गड्ढे रखकर बना दिया चबूतरा, सीमेंट-फावड़ा जप्त

# लक्ष्मी- गणेश प्रतिमा के दाम में 30 प्रतिशत तक वृद्धि

## इस साल मूर्ति कारोबार काफी सुस्त, महंगाई बता रहे कारण, आने वाले दो दिन में उम्मीद



**कटनी,यशभारत।** महंगाई की मार से सभी परेशान हैं. इस फेस्टिव सीजन में सबकुछ महंगा हो गया है. वहीं, इससे इस साल दिवाली से पहले भी मूर्ति कारोबार भी काफी सुस्त है. इसको लेकर मूर्ति कारोबारी मायूस हैं। कोरोना काल से सभी तरह के सामान के दाम में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है. इसके कारण अधिकतर लोग के घरों का आर्थिक बजट पर असर पड़ रहा है। इस महंगाई का दीपावली पर भी असर पड़ने की पूरी उम्मीद कारोबारियों द्वारा की जा रही है. आस्था पर महंगाई की मार से आम नागरिक जहां त्रस्त हैं। वहीं, कारोबारियों को भी कारोबार प्रभावित होने की चिंता सता रही है। दीप का उत्सव दीपावली पर अधिकतर हिंदू घर, व्यवसाहिक प्रतिष्ठान, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय मे मां लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियों की पूजा कर उन्हें स्थापित किया जाता है. दशहरे के बाद से इन मूर्तियों के कारोबार शुरू हो जाते है। लेकिन इस बार दीपावली का त्योहार आने में करीब 3 दिन बचे हैं। बावजूद इन मूर्तियों के कारोबार कछुए की गती से चल रहे हैं। इन मूर्तियों के थोक कारोबारी पप्पू कुमार ने बताया कि बीते एक वर्ष के भीतर मूर्तियों के दाम में 30 प्रतिशत तक वृद्धि होने से कारोबार पर असर पड़ रहा है। खुदरा व्यापारी जो दर्जन से मूर्ति की खरीदारी करते थे, इस बार काफी कम संख्या में खरीदारी कर रहे हैं. वहीं, फुटपाथ हटने से भी कारोबार पर असर पढ़ रहा है. थोक बाजार में चुनार की लक्ष्मी– गणेश जी की मूर्तियां 10 से 50 रुपये प्रति जोड़ी बिक रही है. वहीं, बंगाल व फैंसी मूर्तियां तीन सौ से 18 सौ रुपये प्रति जोड़ा थोक बाजार में कारोबारियों द्वारा बेची जा रही हैं.

### धनतेरस को लेकर कारोबारियों को उम्मीद

वहीं, बता दें कि कोरोना संकट से उबरने के बाद बाढ़ से सामान्य बाजार पर 50 फीसदी असर पड़ा अब कारोबारियों को दशहरा के बाद धनतेरस व दीपावली से कारोबार संभलने की उम्मीद है. सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रीकल, बर्तन और ऑटोमोबाइल बाजार में तैयारी जोरों पर है. सर्राफा बाजार व ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहक भीड़ से बचने और अपने पसंद के आभूषण व वाहन लेने के लिए बुकिंग जोरों पर करा रहे हैं. ऐसे में कहा जा सकता है कि इस धनतेरस बाजार में धन की खूब बारिश होगी.


# कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)

क्र./3756/ज. प्र.वि./2022-23 — कटनी, दिनांक 19/10/2022

## निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से लमसम दर पर आयोजित की जाती है। समसत शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में अथवा https://www.mptenders.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रुपये में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र की मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF EARTHEN DAM AT KATNI RIVER IN WARD NO. 27 KATNI DIST. KATNI M.P. | 3.6 लाख | 3600.00 | 2000.00 | 30 दिन |

**निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है:-**

1. निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 21.10.2022 को शायंकाल 5:30 से।
2. निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.11.2022 को शायंकाल 5:30 तक।
3. विड खोलने की तिथि 09.11.2022 को दोपहर 1:00 बजे से।
4. निविदा के सभी संसोाध्न सिर्फ ऑनलाईन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त- नगर पालिक निगम, कटनी**


# इस बार दो दिन धनतेरस



**कटनी,यशभारत।** इस साल धनतेरस का पर्व 2 दिन तक मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 22 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 2 मिनट से शुरू होकर 23 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 3 मिनट तक है। इसलिए 22 अक्टूबर की शाम यम दीपक जलाने और धनवंतरी जी की पूजा करने का शुभ मुहूर्त बन रहा है। इतना ही नहीं 22 अक्टूबर को त्रिपुष्कर योग भी बन रहा है। ऐसे में खरीदारी करना कई गुना अधिक फल देने वाला माना जाता है। वहीं 23 अक्टूबर को दिनभर खरीदारी की जा सकती है।

### धनतेरस की खरीदारी का शुभ मुहूर्त

त्रिपुष्कर योग- दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से शाम 6 बजकर 2 मिनट तक

### प्रॉपर्टी खरीदने का शुभ मुहूर्त

सुबह 8 से लेकर 9 बजे तक
दोपहर में 12 बजकर 30 मिनट से शाम 4 बजकर 20 मिनट तक
शाम 5 बजे से लेकर 6 बजे तक

### वाहन की बुकिंग और खरीदारी का शुभ मुहूर्त

दोपहर 12 बजकर 1 बजकर 30 मिनट तक। इसके बाद 2 बजे से 2 बजकर 50 मिनट तक। इसके साथ ही 3 बजकर 4 बजकर 30 मिनट तक।

### सोना-चांदी और बर्तन खरीदने का शुभ मुहूर्त

सुबह- 8 से 9 बजे तक
दोपहर- 12 बजे से लेकर शाम 4 बजकर 20 मिनट तक
शाम- 5 बजकर 50 मिनट से 7 बजकर 30 मिनट तक

### इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का शुभ मुहूर्त

सुबह- 8 से 9 बजे तक
दोपहर- दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे
रात- 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक

### फर्नीचर सहित अन्य चीजें खरीदने का शुभ मुहूर्त

दोपहर- 12 बजे से 2 बजे तक
दोपहर- 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक
शाम- 5 बजे से लेकर 7 बजकर 20 मिनट तक


वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
**डॉ. अशोक चौदहा**
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
ई.सी.जी. रिपोर्टिंग मशीन सुविधा उपलब्ध
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

**सिटी मॉल बरही रोड में**
केवल चार दिनों के लिए
रोजाना 4 शो ता. 21 से
दोपहर 12.30, 3.30, 6.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से




**गॉडफादर**
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
केवल चार दिनों के लिए
रोजाना 4 शो ता. 21 से
दोपहर 1. 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




**ब्लैक एडम** (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**प्लाट बेचना है**
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो.
9827340910



श्री SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी — बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक — बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# परेशानी का सबब बनता जा रहा ग्रेड सेपरेटर का निर्माण

## मुड़वारा स्टेशन मार्ग पर दिन भर उड़ रहे धूल के गुबार, निर्माण एजेंसी की लापरवाही का खामियाजा उठाना पड़ रहा लोगों को

**कटनी, यशभारत।** बीना बिलासपुर रेलखंड पर झलवारा-मझगवां के बीच ग्रेड सेपरेटर का निर्माण अब परेशानी का सबब साबित हो रहा है। पहले एनकेजे फिर गायत्री नगर और अब मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास हो रहे निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर सुबह से लेकर शाम एवं देर रात तक धूल के गुबार उड़ते रहते हैं, जिसकी वजह से यहां से निकलने वाले राहगीरों और मुड़वारा स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते लोग परेशान हो रहे और प्रदूषण की की वजह से आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है।





यश भारत
खास खबर

गौरतलब है कि बिलासपुर-बीना रेलखंड पर रेलवे द्वारा करोड़ों रूपए की लागत से ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 17 किलोमीटर लंबे ग्रेड सेपरेटर को झलवारा रेलवे स्टेशन से मझगवां रेलवे स्टेशन के बीच बनाया जा रहा है। ग्रेड सेपरेटर के निर्माण से बिलासपुर, शहडोल सहित कालरी एरिया से आने वाली मालगाड़ियां एनकेजे रेलवे यार्ड और मुड़वारा स्टेशन को बाय-बाय करते हुए ऊपर से ही अपने गंतव्य के लिए सीधे निकल जाएंगी, इससे जहां मालगाड़ियां अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचेगी, तो वहीं इस रूट की ट्रेनों को भी रूट क्लीयर होने की वजह से आउटर और एनकेजे यार्ड में घंटों नहीं रोकना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण 2024 तक पूरा होना है, लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही एवं धीमी रफ्तार की वजह से अब तक यह आधा भी नहीं बन पाया है, इसके अलावा शहर के अंदर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने रेलवे के वरिष्ठ यात्रियों का ध्यान इस ओर दिलाया है।



### मिशन चौक से मुड़वारा होते हुए सिविल लाइन मार्ग पर आवागमन हुआ खतरनाक

ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की वजह से मिशन चौक से मुड़वारा स्टेशन होते हुए सिविल लाइन की ओर जाने वाले मार्ग में आवागमन न केवल जानलेवा बल्कि खतरनाक भी हो गया है। ग्रेड सेपरेटर के लिए पिलर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से पूरे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा हर समय यहां धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। प्रदूषण की वजह से जहां एक तरफ लोग परेशान हैं तो वहीं दूसरी तरफ आवागमन में भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पानी की सिंचाई करने से हल हो सकती है समस्या

लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी को लोगों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। लापरवाहीपूर्वक हो रहे निर्माण कार्य की वजह से हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। कईयों बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विडम्बना इस बात की है कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी समय-समय पर निरीक्षण के लिए यहां आते हैं लेकिन यात्रियों और लोगों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता है। लोगों ने कहा कि मुड़वारा स्टेशन मार्ग पर पानी की सिंचाई से काफी हद तक परेशानी से राहत मिल सकती है।

# स्कूल में घुसकर महिला शिक्षिका से अभद्रता

## शासकीय माध्यमिक शाला घंघरीकला में घटना, अतिथि शिक्षक संगठन के उपाध्यक्ष ने मचाया हंगामा

**कटनी, यशभारत।** शासकीय माध्यमिक शाला घंघरीकला में गुरूवार को अतिथि शिक्षक संगठन के उपाध्यक्ष राजेश रजक द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। इस दौरान उसने स्कूल के शिक्षकों के साथ भी अशोभनीय व्यवहार करते हुए एक महिला शिक्षिका के साथ अभद्रता की। इस पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत कुठला पुलिस से की गई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। यह घटना कल गुरूवार की दोपहर उस समय हुई, जब प्रधानाध्यपक श्रीमती ज्योति बर्मन द्वारा अतिथि शिक्षकों की भर्ती से संबंधित कार्यवाही की जा रही थी। शिकायत में बताया गया है कि किसी बात से उत्तेजित होकर अतिथि शिक्षक संगठन का उपाध्यक्ष राजेश रजक वहां पहुंच गया और प्रधानाध्यपक कक्ष में घुसकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई और अभद्र व्यवहार करने लगा। यहां उपस्थित शिक्षकों ने उससे स्कूल से बाहर चले जाने को कहा तो वह आक्रोशित हो गया और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए प्रधानाध्यपक श्रीमती ज्योति बर्मन का हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। जिससे उन्हें काफी तकलीफ हुई। अतिथि शिक्षक संगठन के उपाध्यक्ष राजेश रजक की इस करतूत से बच्चे भी सहम गए। अन्य शिक्षकों ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद स्कूल में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। प्रधानाध्यपक श्रीमती ज्योति बर्मन ने बताया कि कुछ दिन पहले ही एक सड़क दुर्घटना में उनका दाहिना हाथ फ्रेक्चर हो गया था और कल हुई घटना के बाद एक बार फिर वह तकलीफ महसूस कर रही हैं। उन्होंने शाम को कुठला थाने पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी है।



# दद्दाधाम में ब्रह्मलीन गुरुदेव दद्दाजी के दर्शन किए आशुतोष राणा ने



**कटनी, यशभारत।** दद्दा धाम स्थित ब्रह्मलीन पूज्य गुरुदेव दद्दा जी की समाधि स्थल में फिल्म अभिनेता एवं शिष्य आशुतोष राणा ने नमन कर दर्शन किए, इसके उपरांत उन्होंने श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से मिलकर उनसे बातचीत की और उनका कुशलक्षेम भी जाना। इसके पूर्व गुरुभाई श्री राणा के कटनी आगमन पर दद्दा जी शिष्य मंडल के गुरुभाइयों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज त्रिपाठी, नगर निगम के अध्यक्ष मनीष पाठक, राजू शर्मा, सागर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, अभिलाष दीक्षित, कीर्ति लुणावत, राजू जैन, अशोक गेड़ा, दीपक जैन, दीपक दुबे, गोविंद पटेल, सतीश साहू, मोहन केसरवानी, यशवंत गौतम, शीतल जायसवाल, संतोष गुप्ता, लखेरा, राहुल गर्ग, युवराज सिंह, लावी दादा, गोपाल चतुर्वेदी, अमित पांडे, राकेश पाठक, आनंद राजपूत, कार्तिकेय की उपस्थिति रही।

## शुभम एसपीएफजी के रीठी ब्लाक अध्यक्ष बने



**कटनी, यशभारत।** संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप के संरक्षक संजय सत्येंद्र पाठक के आर्शीवाद एवं स्टेट चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र राजपूत की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष अनुराग त्रिसोलिया के अनुमति से युवा समाजसेवी शुभम राय को रीठी ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त गया है। नियुक्ति के साथ ही शुभम से संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की गई है। शुभम की नियुक्ति पर एसनीएफजी के पदाकारियों, शुभचिंतकों एवं मित्रगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज पांडेय ने दी।

# 15 एकड़ में खेती, फिर भी उपज बेचने के लिए नहीं हो रहा किसान का पंजीयन



**कटनी, यशभारत।** 15 एकड़ में खेती करने के बाद भी उपज बेचने के लिए किसान का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। राजस्व विभाग के चक्कर काटने के बाद भी उसकी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। आधारकाप निवासी किसान सोनेलाल साहू ने यशभारत को दी गई शिकायत में बताया कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत आधारकाप में उसकी 15 एकड़ जमीन है, जिसमे वह कई सालों से खेती कर रहा है। रबी और खरीफ सीजन में गेहूं और धान की फसल करने के बाद अन्य सीजन में सब्जी की खेती करता है लेकिन इसके बावजूद राजस्व विभाग द्वारा उपज बेचने के लिए उसका पंजीयन नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर जब उसने राजस्व विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि राजस्व अभिलेख में उसकी जमीन कृषि योग्य भूमि मद में दर्ज नहीं है। जिसकी वजह से यह दिक्कत आ रही है। उसने राजस्व विभाग के अधिकारियों को रिकार्ड सुधार के लिए आवेदन दिया लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। किसान सोनेलाल साहू ने बताया कि धान के उपार्जन के लिए पंजीयन के लिए कल अंतिम तारीख है, इसके बाद भी उसकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने बताया कि परेशान होकर वह विधायक संदीप जायसवाल के पास पहुंचा और अपनी परेशानी बताई। जिस पर विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए इस समस्या का निराकरण करने के लिए कहा है।

### राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज नहीं होने से आ रही समस्या, रिकार्ड सुधार के लिए भटक रहा किसान

## रंग बिरंगे दीपकों से रोशन होगी दीपावली



रोशनी के महापर्व दीपावली पर घर-घर दीए जलाए जाते हैं। लिहाजा शहर में जहां-तहां दीपकों की बिक्री खूब हो रही है। परंपरा से हटकर इस बार मिट्टी के आकर्षक दीयों की मांग अधिक है। गणेश चौक में एक दर्जन से अधिक फुटकर दुकानें लगी हुई हैं, जहां रंग बिरंगे दीयों के साथ ही गणेश लक्ष्मी एवं अन्य पूजन सामग्री की बिक्री हो रही है।

# मांगों को लेकर हड़ताल पर गए सचिव, पंचायतों में लटके ताले

## कामकाज ठप, मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर सहित अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित

**कटनी, यशभारत।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने का काम करने वाली ग्राम पंचायतों में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायकों के बाद सचिव भी प्रदेश संगठन के आव्हान पर दो दिनों के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। हड़ताल के कारण गुरुवार से ग्राम पंचायतों में ताले नजर आए और पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। सामूहिक अवकाश पर जाने से मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न योजनाओं के काम बाधित हो रहे हैंए वहीं कामकाज को लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंच रहे लोग बिना काम के वापिस लौटे। सामूहिक अवकाश पर जाने से पूर्व सचिव संघ ने बहोरीबंद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजभान हल्दकार ने बताया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध प्रदेश संघ के आव्हान पर दो दिनों का सामूहिक अवकाश रहेगाए जो 21 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस दौरान भी सरकार के द्वारा सचिवों की वेतन विसंगतिए 7 वां वेतनमान लागू करने सहित अन्य मांगें पूर्ण नहीं की जाती हैं तो फिर एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### इनकी रही उपस्थिति

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके पहले भी मांगों को लेकर लगातार राज्य सरकार को ज्ञापन पत्र सौपे जा चुके हैं, जिसमें सिर्फ आश्वासन बस ही मिलता रहा। मांगों की ओर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता रहा। जिससे सचिवों में आक्रोश है। इस अवसर पर मनीष मिश्रा, धूप सिंह, शीला केवट, ममता दुबे, गोविंद पटेल, कंधी लाल नायक, महेंद्र कुशवाहा, बीके दुबे, जुगल किशोर गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, कोमल झारिया, काशीराम बेन, पुरषोत्तम जायसवाल सहित अन्य सचिवों की उपस्थिति रही।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340


cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मढ़ई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 14th October 2022


TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



## संपादकीय

# बच निकलना ही बेहतर

अपेक्षित यह है कि स्वदेश लौटने के लिए जो भारतीय तैयार होते हैं, उन्हें यहां लाने में भी पूरी मदद की जाए। यूक्रेन में जो हालात हैं, उसके बीच एक-एक व्यक्ति का जल्द और सुरक्षित वहां से निकल जाना आसान नहीं लगता।भारत सरकार ने यूक्रेन में रहने वाले भारत के नागरिकों को उचित सलाह दी है। यूक्रेन में जैसे हालात बन रहे हैं, उनके बीच किसी के लिए भी वहां से जल्द निकल जाना ही ठीक है। यही बात भारत सरकार ने कही है। अपेक्षित यह है कि स्वदेश लौटने के लिए जो भारतीय तैयार होते हैं, उन्हें यहां लाने में भी पूरी मदद की जाए। यूक्रेन में जो हालात हैं, उसके बीच एक-एक व्यक्ति का जल्द और सुरक्षित वहां से निकल जाना आसान नहीं लगता। रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों से यूक्रेन का इन्फ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह तबाह हो चुका है। खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेन्स्की ने कहा है कि देश के 30 फीसदी बिजली संयंत्र बर्बाद हो गए हैं। इस वजह से बताया जाता है कि यूक्रेन के लगभग 1100 से शहर और कस्बे अंधकार में डूब गए हैं। इस बीच तमाम संकेत हैं कि लड़ाई और तेज होगी। रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने उन चार इलाकों में मार्शल लॉ लगाने का एलान किया है, जिन्हें हाल में हाल में रूस ने खुद में मिला लिया था। इसका मतलब यह निकाला गया है कि उन इलाकों में जमीनी लड़ाई तेज होने वाली है। पुतिन ने यूक्रेन पर आतंकवादी तौर तरीकों के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया है। पुतिन ने कहा- वे हमारे इलाके में तोड़फोड़ करने वाले समूहों को भेज रहे हैं। तो अब रूस जवाबी कार्रवाई करने का दावा कर रहा है। रूसी मार्शल लॉ के तहत सरकार को ज्यादा ताकत मिल जाती है कि वह सेना को मजबूत करने के साथ ही कर्फ्यू, लोगों की गतिविधियों पर पाबंदी, सेंसरशिप और विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर रोक भी लगा सकती है। मिसाइल और ड्रोन हमलों के भी जारी रहने की संभावना है। कई देश यूक्रेन की राजधानी कीव से अपने राजनयिकों और नागरिकों को निकाल चुके हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि भारत भी ऐसा करे। कुछ समय पहले तक रूस वायु हमलों या मिसाइल या ड्रोन हमलों से बच रहा था। लेकिन हाल में बदले हालात के बीच उसने अपना यह संयम तोड़ दिया है।

# सुरक्षा के साथ मानवता का धर्म निभा रही कांस्टेबल सोनिया

**फर्ज आखिर फर्ज ही होता है पुलिस की ड्यूटी हो या समाज में फैले तमाम बुराइयों को दूर करने का फर्ज एक पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से निभा सकता है। वो भी महिला पुलिसकर्मी। इसका काबिले गौर उदाहरण बनी है सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। अपनी ड्यूटी के साथ आम जनता की सेवा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होकर अपना कर्तव्य निभा रही है सोनिया जोशी। महिला सिपाही वर्दी के साथ-साथ समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने पुलिस में कठिन और प्रतिकूल स्थितियों में न सिर्फ अपने जीवन को संभाला। बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का विषय बनी।**

आज वह समाज में अलग-अलग कार्य में सक्रिय हैं। बता दें कि इस मुहिम का झंडा हाथ में लेकर काम आसान नहीं था। ऐसे काम आसान भी नहीं होते सोनिया ने मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता के कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं जो हर किसी के लिए मिसाल है। जीवन में सबके अपने सपने होते हैं लेकिन उन सपनों को अगर किसी भी माध्यम से देश की सेवा के साथ-साथ किसी गरीब, असहाय के मदद से जोड़ सके तो सोने पर सुहागा, जी हाँ कुछ ऐसा ही कर रही भारत की बेटी सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। ड्यूटी के साथ- साथ एक सिंगर, कवयित्री, गीतकार एक्ट्रेस भी है। सोनिया हिंदी, गढ़वाली, सॉन्ग्स बहुत ही बेहतरीन तरीके से गाती है। बचपन से ही अपने स्कूल कॉलेज के प्रोग्रामो में भी भाग लेती रही सोनिया जोशी का जन्म 22 अगस्त 1992 को माता श्रीमती मधु जोशी (ग्रहणी) एवं पिता श्री हरीश चंद्र जोशी (रिटायर्ड आईटीबीपी) के घर, ग्राम घानियाल पोस्ट ऑफिस तलवाडी चमोली में हुआ। सोनिया के परिवार में माता-पिता के अलावा एक छोटी बहन और एक छोटा भाई भी है। उनका परिवार एक निम्न मध्यम वर्ग से है। परिवार में शुरुआत से ही बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ा परन्तु माता-पिता ने पालन पोषण व पढाई में कोई कमी नही छोड़ी। सोनिया ने शिक्षा अलग-अलग जगह से प्राप्त की है। पिताजी जब आईटीबीपी मातली उत्तरकाशी में कार्यरत थे तो आठवीं तक की पढ़ाई मातली इंटर कॉलेज में की है और उसके बाद की 10वीं 12वीं की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज तलवाडी से फिर बीएससी राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी से की। उसके बाद देहरादून से बीएड किया। स्कूल टाइम से ही उन्हें गाने का व कविता लिखने का शौक था। स्कूल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर ही उन्हें संगीत में रुचि बढ़ने लगी। खेलकूद में भी हमेशा आगे ही रही। 100 मीटर रेस व हाई जंप में प्रतिभाग किया है। स्कूल कॉलेज का मान हमेशा बढ़ाया बस हार कभी नहीं मानी। वर्दी पहनने के बाद वह अपनी कविता और अपने गानों के माध्यम से भी जनता की सेवा कर रही है। समाज मे फैली कई बुराइयों, संकीर्ण भावनाओं को दूर करने के लिए भावों, विचारों को अपनी कविता और अपने गीतों के माध्यम से समाज में रखने का समय-समय पर प्रयास करती है। परिवार एवं मित्रों के सहयोग से ड्यूटी के दौरान समय निकाल कर गीत रिकॉर्ड करती है। समाज में फैली बुराइयों जैसे भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्य ऐसी कई गीतों पर स्वयं अभिनय भी कर चुकी है। इनके गीतों को लोगों ने बहुत सहराया है। तेरी मिट्टी गीत गा कर इन्हे एक राष्ट्रीय पहचान मिली। जिसे एक दिन में 40 लाख लोगों ने पसंद किया और एक हफ्ते में 1 करोड़ लोगों ने पसंद किया। फिर तू कितनी अच्छी है गीत भी लोगों बहुत पसंद किया। जिसे अभी तक 40लाख लोगों ने पसंद किया है। देश के जवानों को समर्पित गीत, मेरा एक सलाम, और महिला सशक्तिकरण पर भी हौसला गीत काफी सराहे गए है। सोनिया बताती है कि परिवार का साथ और मित्रों का सपोर्ट उन्हें निरंतर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। आगे चलकर वो उत्तराखण्ड संगीत जगत को देश और दुनिया के बीच जो-शोर से पहुँचाना चाहती है। और समाज में अपने गीतों के माध्यम से कुरीतियों पर चोट करके जनता को जागरूक करना चाहती है। उनका मानना हैं कि मनुष्य भावनाओं से जुड़ा होता है और अगर आपको समाज को बदलना है तो संगीत में बहुत ताकत होती है। इनके कुछ हिट गाने (तू हौसला रख), (पुकार), (तुमको नमन), सुरकंडा भवानी भजन, इक सलाम देश भक्ति, हौसला है सोनिया को बैडमिंटन खेलना, सिन्गिंग और गाना व कविता लिखना पसंद है। साथ ही खाने मे अलग-अलग डिशेज बनाकर खिलाने का शौक रखती है। खाली समय में उन्हें कविताएं लिखना, मूवी देखना और भजन सुनना पसंद है।

फर्ज आखिर फर्ज ही होता है पुलिस की ड्यूटी हो या समाज में फैले तमाम बुराइयों को दूर करने का फर्ज एक पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से निभा सकता है। वो भी महिला पुलिसकर्मी। इसका काबिले गौर उदाहरण बनी है सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। अपनी ड्यूटी के साथ आम जनता की सेवा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होकर अपना कर्तव्य निभा रही है सोनिया जोशी। महिला सिपाही वर्दी के साथ-साथ समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने पुलिस में कठिन और प्रतिकूल स्थितियों में न सिर्फ अपने जीवन को संभाला। बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का विषय बनी। आज वह समाज में अलग-अलग कार्य में सक्रिय हैं। बता दें कि इस मुहिम का झंडा हाथ में लेकर काम आसान नहीं था। ऐसे काम आसान भी नहीं होते सोनिया ने मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता के कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं जो हर किसी के लिए मिसाल है।

-डॉ सत्यवान सौरभ

# आसान नही है कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की डगर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बहुप्रतिक्षित चुनाव संपन्न हो गया ।जैसी की उम्मीद थी गांधी परिवार से आशीर्वाद प्राप्त मल्लिकार्जुन खडगे पार्टी के अध्यक्ष बन गए। वे बहुत विद्वान हैं। आठ भाषाओं के ज्ञाता हैं, अब यह समय तय करेगा कि वह अपने विवेक से पार्टी चलाते हैं या गांधी परिवार की खड़ाऊं कुर्सी पर रखकर निर्णय करते हैं ।अगले एक साल में दर्जन भर से ज्यादा राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं ।उनके सामने पार्टी को एकजुट रखने की चुनौती है तो गांधी परिवार का विश्वास बनाए रखने की भी। राजस्थान में पैदा हुए संकट पर काबू पाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी ।उन्हें गांधी परिवार की छत्रछाया में रहकर,उसके निर्देश स्वीकार कर यह भी सिद्ध करना होगा कि यह निर्णय उनके अपने हैं। बुधवार को आए नतीजों में मल्लिकार्जुन ने 6825 वोट से अपने एक मात्र प्रतिद्वंदी शशि थरूर को हराया। खड़गे को 7897 वोट मिले, वहीं थरूर को 1072 वोट ही मिल सके। 416 वोट निरस्त हो गए नए अध्यक्ष ख?गे 26 अक्टूबर को अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे ।आंकड़ों के हिसाब से देखें, तो 24 साल पहले चुनी गईं सोनिया गांधी के बाद खड़गे सबसे बड़े अंतर से पार्टी अध्यक्ष का चुनाव जीते हैं। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए आखिरी बार 1998 में वोटिंग हुई थी। तब सोनिया गांधी के सामने जितेंद्र प्रसाद थे। सोनिया गांधी को करीब 7,448 वोट मिले, जबकि जितेंद्र प्रसाद 94 वोटों पर ही सिमट गए थे ।खड़गे की जीत जितनी बड़ी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां भी उनके सामने हैं। पार्टी की कमान उन्हें उस समय मिली है,जब केवल दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही कांग्रेस की सरकार बची है। झारखंड और तमिलनाडु में पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल है। यहां मुख्यमंत्री दूसरे दलों के हैं ।कांग्रेस में गांधी परिवार से बाहर के अध्यक्ष बनने का बदलाव चौबीस साल के लंबे अंतराल के बाद हुआ है। कांग्रेस को इस बार फिर गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष मिला। मलिकार्जुन खडगे पुराने कांग्रेसी, अनुभवी, परिपक्व और सुलझे हुए नेता हैं। यह समय तय करेगा कि कांग्रेस पर लगा गांधी परिवार का ठप्पा हटता है या नहीं। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने मलिकार्जुन खडके को कांग्रेस के अध्यक्ष की कमान यह सोचकर कमान सौंपी गई है, सबसे बड़े विश्वासपात्र और अलंबरदार रहेंगे ।उनके कहे पर काम करेंगे ।हालाकि गांधी परिवार की पहली पंसद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत थे ।उन्हें ही अध्यक्ष पद के लिए नामजगदी कराने को कहा गया था। किंतु वह विद्रोह पर उतर आए। वे पार्टी अध्यक्ष बनकर भी राजस्थान का मुख्यमंत्री बने रहना चाहते थे ।राजस्थान से आए विरोधी सुर को देख गांधी परिवार को अपना निर्णय बदलना पड़ा ।उसने मलिकार्जुन खडगे को प्रत्याशी ही नही बनाया, अपितु सभी नौ हजार मतदाताओं को मूक संदेश भी भेजा कि राहुल सोनिया के प्रत्याशी खड़के हैं ।आज मलिकार्जुन खडगे के सामने जितनी बड़ी चुनौती हैं , उतनी बड़ी ही उन्हें अपनी निर्णय क्षमता दिखाकर पार्टी को मजबूत करने की गुंजाइश भी है। आज कांग्रेस पराभव की ओर है ।उसके पास अब गंवाने को ज्यादा नही है। छत्तीसगढ और राजस्थान दो राज्यों में पार्टी की सरकार हैं। राजस्थान में अशोक गहलोत के बदले सुर भी नई चुनौती पैदा कर रहे हैं ।



राजस्थान में फैले पड़े संकट को समेटने की उनके पास आज सबसे बड़ी चुनौती है। ये उसे कैसे हल करते हैं ,यह खडगे की विद्वता और चातुर्य पर निर्भर करेगा। अशोक गहलोत का रवैया पूरी तरह बदला हुआ है, वह पार्टी हाईकमान से दो-दो हाथ करने को तैयार लग रहे हैं ।इन सब को देख उन्हें निर्णय लेना होगा। आजादी के बाद संघर्ष के रास्ते से हट गई कांग्रेस को राहुल गांधी पुन :संघर्ष के रास्ते की और से जा रहे हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा इस समय देश में चल रही हैं। ऐसी यात्रांए निष्क्रीय हो चुके कार्यकर्ताओं को फिर से आगे लाने का कम करतीं हैं ।खडगे को भी पार्टी को जन आंदोलन से जोड़ना होगा। कार्यकर्ताओं को कहना होगा कि वह जनता की आवाज बने। चुनाव वाले प्रदेश में जुझारू संगठन खड़ा करना और निराश कार्यकर्ताओं को घार ने बाहर निकालकर लाना उनकी बड़ी प्राथामिकता होगी। सब जानते हैं कि खडगे अध्यक्ष होकर भी कांग्रेस में राहुल सोनिया और प्रियंका गांधी के बाद ही रहेंगे। राहुल गांधी का कुछ पता नही कब वह संसद में पार्टी के आए अध्यादेश को ही फाड़ दें ।इन सब के बीच उन्हें रास्ता निकलना होगा। इस परिवार से तालमेल बैठाकर चलना होगा।

खड़गे को अध्यक्ष बनाकर गांधी परिवार ने विरोधियों के मुह बंद कर दिए ।अब भी पार्टी में होगा वही जो वह चाहेंगे, किंतु उन्हें कोई सीधे इसके लिए जिम्मेदार नही बता पाएगा। यह भी आरोप नही लगेंगे कि गांधी परिवार पार्टी का अध्यक्ष पद नही छोड़ना चाहता। खडगे के अध्यक्ष बनने से एक तरह से राहुल से पार्टी सगठन की जिम्मेदारी कम हो जाएगी। गांधी परिवार का सीधा लक्ष्य राहुल को प्रधानमंत्री बनाना है, सो वह राहुल को पूरी क्षमता से अपने कार्य में लगा सकेगा। राहुल भी अब अपने लक्ष्य को पाने में लग जाएंगे।

-अशोक मधुप

# आपका राशिफल 22 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली - 5965



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्टॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5964



Jagrutidaur.com, Bangalore

## आलेख

# वैज्ञानिकता की कसौटी पर खरा दीपावली पर्व स्वदेशी उत्पादों को समर्पित करें

भारत में भारतीयों द्वारा पांच दिनों तक हर्ष- उल्लास से मनाए जाने वाला दीपोत्सव- पर्व संस्कार,संस्कृति और सामाजिकता का परिचायक है तथा आपसी प्रेम, भाईचारा तथा अपनेपन का पोषक है। हम सभी इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि हमारे देश मैं पिछले कुछ वर्षो से केंद्र द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता - अभियान तथा स्पर्धा के तहत शहर साफ-सुथरे हो रहे हैं। वही इस त्यौहार के माध्यम से प्रतिवर्ष घर, दुकान, प्रतिष्ठान आदि मालिकों द्वारा स्वत~ संज्ञान लेते हुए साफ किए जाते रहें हैं।इस अवसर पर उस परंपरा का निर्वाह किया जाता है जिसमें कहा जाता है कि दीपावली पर की जाने वाली साफ-सफाई, रंगाई-पुताई-लिपाई, लाईटिंग तथा सजावट लक्ष्मी जी के आने का मार्ग प्रशस्त करती है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह सही जान पड़ता है क्योंकि साफ-सुथरा घर रोगाणुओं-विषाणुओं सहित धूल के कणों से मुक्त होता है और इन सब से होने वाली बीमारियों की संभावनाओं को कम करता है। वहीं दूसरी ओर आकर्षक घर-प्रतिष्ठान आदि मन में प्रसन्नता के भाव जगाते हैं। हम सब जानते हैं कि स्वस्थ मन, स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है तथा स्वस्थ शरीर, लंबी आयु के लिए आवश्यक है। निरोगी काया बीमारी के इलाज में लगने वाली न जाने कितनी राशि को बचाकर घरों में लक्ष्मी जी को स्थिरता प्रदान करती है। वस्तुत~ यह त्यौहार जीवन को हर्षोल्लास,धन-धान्य, स्वास्थ्य-समृद्धि, सौहार्द,भाई-चारा और शांति से भरता है, उत्सवमय बनाता है,नीरसता को समाप्त कर ताजगी और नवीनता लाता है। मनुष्य को रसमय जीवन जीने के लिए तैयार करता है तथा उदासी -निराशा को जीवन से बाहर निकाल कर दीघार्यु बनाता हैं।यह पर्व सनातन सांस्कृतिक धरोहर, पारिवारिक परम्परागत परंपराओं को सहेजने में तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी भावना जागृत करने में भी महत्वपूर्ण है। जीव- विज्ञान में मानव शरीर में बनने वाले चार हार्मोन - डोपामाइन जिसे फीलगुड हार्मोन कहते हैं आनंद के अनुभव के लिए जरूरी है, सेरोटोनिन हार्मोन अच्छे मूड के लिए उत्तरदाई है, ऑक्सीटोसिन हार्मोन जिसे लव हार्मोन भी कहते हैं चिंता-तनाव को दूर रखकर विश्वास, सहानुभूति ,प्रेम के साथ रिश्तों को गहराई प्रदान करता है तथा एंडोर्फिंस नामक हार्मोन तनाव,परेशानी से मुक्ति दिलाता है। इन हार्मोन के नियमित और संतुलित स्त्राव से व्यक्ति खुश रह सकता है। ये सभी हार्मोन प्राकृतिक रूप में अपनों के साथ क्वालिटी समय बिताने से, दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने से, हंसने - हंसाने, मिलने -जुलने, गले लगने से, खुशनुमा पल बिता कर ,पसंदीदा पहनावा,भ्रमण, भोजन आदि से बढ़ाए जा सकते हैं। दीपोत्सव जैसे त्यौहारों को अपनों के साथ/परिवार के साथ खुशनुमा माहौल में मनाने से सहज रूप में ये सभी हार्मोन प्राप्त हो जाते हैं । इस प्रकार हम कह सकते हैं कि अच्छे, स्वस्थ,दीर्घायु जीवन के लिए दीपावली जैसे त्यौहार सहायक है और आवश्यक भी है। अच्छे स्वास्थ्य में पर्यावरण का भी अपना विशेष महत्व है अतः हमें इस पर्व पर पटाखों, आतिशबाजी से दूरी बनाकर पर्यावरण को और अधिक प्रदूषित होने से बचाना चाहिए ।

-डॉ मनमोहन प्रकाश श्रीवास्तव

## सूडोकु नवताल- 6477

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6476 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |




## विचार प्रवाह

भाग्य में है तो कहीं से भी भागकर आ जाएगा अगर नहीं है तो आया हुआ भी भाग जाएगा। परिवार का सदस्य रूठ जाए तो उसे मनाया जा सकता है, पर भाग्य रूठ जाए तो उसे मनाना बड़ा कठिन है। भाग्यवान को भगवान के पास चलकर जाना नहीं पड़ता बल्कि भगवान को खुद चलकर आना पड़ता है। शबरी और चंदनबाला चलकर कहां गई थी? भगवान खुद चलकर आए थे।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7517



**बाएँ से दाएँ**

1.परिचय,जानना-2,4
5.वायु रोग-2
7.उत्साह,जिज्ञासा
9.कांटा,शूल
10.पिता,साधू-2
11.योद्धा जाति,राजपूत-3
14.थकान-4
16.मिसाल के तौर पर-4
20.ध्वजा,पताका-3
22.सीमा,बार्डर-2
23.बुरी आदत-2
24.समस्या,मुद्दा-3
27.जोर,दम,ताकत-2
28.दिखावटीपन, आडंबर,-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सीतापति,रामचंद्र-5
2.लम्हा,क्षण-2
3.धोखेबाज,दगाबाज-4
4.नलका,टौंटी-2
6.पुत्र,लड़का-3
8.कमरा,रूम-2
12.तीनों काल-3
13.पार्थिव शरीर,लाश-2
15.कजरा,अंजन-3
17.सच्चाई,सच-2
18.सेंधमार-5
19.पुचकारना,हाथ फेरना-4
20.धोखा,दगा-3
21.जरा,थोड़ा-2
25.सभी,संपूर्ण-2
26.राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

शब्द पहेली -7516 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# बाइक बोट घोटाला...

# नोएडा की कंपनी ने दो साल में भोपाल के 2500 लोगों से ठगे 65.50 करोड़

**भोपाल,ईएमएस। बहुचर्चित बाइक बोट मामले में ईओडब्ल्यू भोपाल ने नोएडा स्थित कंपनी और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन्होंने बाइक टैक्सी सर्विस में निवेश के नाम पर तीन गुना मुनाफे का लालच दिया। भोपाल के करीब 2500 लोगों से 65.50 करोड़ रुपए लेकर गायब हो गए। निवेशकों ने 2019 में इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई थी। करीब तीन साल के जांच के बाद अब केस दर्ज हुआ है।**



ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल के करीब 40 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। इन शिकायतकर्ताओं ने बाइनरी स्ट्रक्चर के आधार पर करीब 2500 निवेशकों को कंपनी से जोड़ा था। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का मानना है कि पीी?तों की संख्या ज्यादा हो सकती है। बहुत से पीड़ित सामने नहीं आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा सेना से रिटायर्ड लोग है। शिकायतकर्ताओं ने ईओडब्ल्यू को बताया कि कंपनी में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित अन्य शहरों के लोगों ने भी निवेश किया था। इन शहरों से कोई भी शिकायतकर्ता अभी तक सामने नहीं आया है।एक बाइक के लिए 62,100 रु. जमा करवाते थे, बदले में हर महीने 4590 रु. देने का वादा करते थे1 कंपनी लोगों से 62,100 रुपए एक बाइक के लिए निवेश करवाती थी। एकमुश्त निवेश करने पर 4590 रु. प्रतिमाह वापस देने, जो हर माह 9762 रु. का निवेश करते थे, उन्हें 6 माह बाद 4590 रु. प्रतिमाह देने, जो 1,86,300 रु. एक बार निवेश करते थे, उन्हें 14,355 रु. प्रतिमाह देने का करार होता था।

2 अगर किसी व्यक्ति ने एक बार निवेश कर दिया, तो उसे दो और इन्वेस्टर जोड़ने को भी बोला जाता था। 4590 रुपए प्रति निवेशक को दिया जाता था। निवेशक जो?ने का काम बाइनरी स्ट्रक्चर आधारित है। इंसेंटिव भी इस आधार पर तय होता था।

3 कंपनी ने गो-डैडी पर अपनी वेबसाइट बना रखी थी। वहीं पर निवेशक का आईडी पासवर्ड बनाया जाता था। निवेशक को उसकी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कार्ड न देकर कंपनी का एक रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाता था। ताकि उसे यह विश्वास हो जाए कि उसकी बाइक चल रही है।

4 ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कंपनी के लोग नए इन्वेस्टर को सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर उन्हें निवेश करने का लालच देते थे। वे लुभावनी स्कीम के बारे में मैसेज करते थे। कंपनी के वीडियो शेयर करते थे। इनके प्रतिनिधि कॉल कर अपने पुराने निवेशकों से मीटिंग करवाते थे। जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने गर्भित इनोवेटिव प्रमोटर्स कंपनी के डायरेक्टर्स संजय भाटी, सुनील कुमार प्रजापति, राजेश भरद्वाज और करण पाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन चारों ने 2010 में कंपनी बनाई थीं।2017 में इन्होंने बाइक बोट-बाइक टैक्सी सर्विस पॉवर्ड बाई जीआईपीएल स्कीम को लांच किया। इस कंपनी के खिलाफ सीबीआई ने 2021 नवंबर में केस दर्ज कर 15,000 करो? के घोटाले का खुलासा किया था। इनके खिलाफ उत्तरप्रदेश के नोएडा और मेरठ में भी मामले दर्ज है।

### जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी

प्रारंभिक जांच के बाद केस दर्ज किया गया है। जांच जारी है। जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। अगर कोई पीी?त और सामने आते है तो उनका आवेदन जांच में लिया जाएगा।' **– राजेश मिश्रा, एसपी, ईओडब्ल्य**

# मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों को आगामी शिक्षा सत्र में मिल जाएंगे 29 हजार नए शिक्षक

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों को आगामी शिक्षा सत्र में 29 हजार नए शिक्षक मिल जाएंगे। अभी इनकी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। इनमें प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षक शामिल होंगे। इनकी भर्ती शिक्षक पात्रता परीक्षा-2018 के तहत की जा रही है। उच्च माध्यमिक व माध्यमिक शिक्षक के 11 हजार पदों पर भर्ती होगी। वहीं, प्राथमिक शिक्षक के करीब 18 हजार पदों पर भर्ती नवंबर से शुरू हो जाएगी। आगामी शिक्षा सत्र में सरकारी स्कूलों में 80 हजार खाली पदों में से करीब 29 हजार पदों पर भर्ती पूरी कर ली जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के तहत उच्च माध्यमिक शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि गुरुवार तक थी। दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र अभ्यर्थियों से च्वाइस फिलिंग कराई जाएगी। इसके बाद मेरिट सूची के आधार पर काउंसलिंग के बाद स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

### प्राथमिक शिक्षक के लिए 17 नवंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक के लिए आनलाइन भर्ती की प्रक्रिया 17 नवंबर से शुरू की जाएगी। इसमें प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 में अहर्ता प्राप्त अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों की स्थिति, नियम, निर्देश व प्रक्रिया सहित विवरण एमपी आनलाइन पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक अपलोड कर दिया जाएगा। प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के 7 हजार 429 एवं जनजातीय कार्य विभाग के 11 हजार 98 पदों पर संयुक्त काउंसलिंग के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,मार्च तक 1 लाख युवाओं को लोन देने का लक्ष्य

**भोपाल, यशभारत।** राज्य सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए इस साल मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की थी। इसमें सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार का सपना दिखाया और नए उद्यम खोलने पर 50 हजार से 50 लाख तक का लोन बैंकों से दिलाया जा रहा है। मप्र में 10 जनवरी 2022 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग ने इस योजना का आगाज किया था। प्रदेश में 30 सितंबर तक 9 महीने में 25348 आवेदन आए। इनमें 6012 बैंकों से स्वीकृत हुए, जिनकी राशि 358.59 करोड़ रुपए है। बैंकों ने अब तक 4066 युवाओं को 247.34 करोड़ रुपए का लोन दिया है। सरकार ने 2022-23 के वित्तीय वर्ष तक एक लाख युवाओं को लोन देने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन योजना के 9 महीने में केवल 4 हजार से ज्यादा युवा ही लोन ले पाए। योजना की खासियत यह है कि युवाओं के स्वरोजगार के लिए सरकार बैंक को गारंटी दे रही है। इस योजना में 3 फीसदी ब्याज सरकार अनुदान के रूप में वापस लौटा रही है। जिन बैंकों से लोन दिलाया जा रहा है उन्हें पहले 10 से 25त्न तक मार्जिन मनी देनी पड़ती है, जो युवा बेरोजगार के लिए मुमकिन नहीं।

# मप्रमें विधानसभा चुनाव से पहले AIMIM की हैदराबादी बिरयानी की दावत

**भोपाल , ईएमएस।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम का समय बचा है। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ढ्ढरूढ्ढरू) भी चुनाव में मजबूती से उतरने की तैयारी कर रही है। पार्टी के नेता सदस्य बनाने के लिए बिरयानी की दावत दे रहे है। इसका सीधा मकसद अगले साल होने वाले विधानसभा में पार्टी के लिए जमीन मजबूत करने की है। ओवैसी के प्रदेश में मजबूत होने से कांग्रेस को नुकसान होना है। इससे कांग्रेस नेताओं में भी बेचैनी है। एआईएमआईएम के नेता का कहना है कि पार्टी का चुनाव से पहले 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसमें से एक लाख से ज्यादा सदस्य अब तक बन गए है। दावा किया जा रहा है कि भोपाल की नरेला विधानसभा सीट पर ही पार्टी ने 25 हजार सदस्य बनाए हैं। प्रदेश में एआईएमआईएम के 7 पार्षद है। हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में एआईएमआईएम ने बुरहानुपर में कांग्रेस का गेम बिगाड़ दिया। यहां पर औवसी की पार्टी की महापौर प्रत्याशी ने 10 हजार वोट से जीत हासिल की। जबकि बीजेपी और कांग्रेस के बीच हार का अंतर सिर्फ 500 वोट से भी कम था। यहां पर कांग्रेस को बीजेपी की माधुरी पटेल ने हरा दिया। एआईएमआईएम के मजबूत होने से कांग्रेस को ही नुकसान होना है।



## 1 लाख सदस्य बनाने का दावा

ओवैसी की पार्टी विधानसभा चुनाव में उतरने के लिए तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी विधानसभा की 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, खरगौन, बुरहानुपर जैसे शहरों में उम्मीदवार उतारने की चर्चा है। दरअसल कांग्रेस से अल्पसंख्यक वोटर खिसक रहा है। इसका ओवैसी को फायदा मिल सकता है।

### जयस भी अकेले उतरेंगी मैदान में

उधर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने भी 80 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इससे कांग्रेस में खलबली मच गई है। दरअसल 2018 में जयस नेताओं के साथ ही कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए आरक्षित 47 में से 30 सीटें जीती थी और सत्ता के करीब पहुंच गई थी। अब जयस के बाद ओवैसी की पार्टी की बढ़ती सक्रियता कांग्रेस के लिए टेंशन बढ़ाने वाली हैं।

# बारूद के अवैध संग्रहण से मकान में विस्फोट

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के मुरैना में बारूद के अवैध संग्रहण से मकान में हुए विस्फोट से चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 6 लोग घायल हुए है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को इंदौर में मीडिया से बातचीत में कहा कि राकेश गुर्जर का मकान था। जिसे जमील खान को किराए पर दिया था। उस मकान पर अवैध रूप से स्टोर कर बारूद रखा था। जिसमें गुरुवार को विस्फोट हो गया। इसमें जमीन खान की पत्नी, बेटी और गोलू प्रजापति और पप्पू गुर्जर की मौत हुई है। इस घटना में पड़ोस का मकान भी गिर गया। जिसमें छह लोग घायल हुए है। इस मामले में एफआईआर हो गई है। जमीन खान को हिरासत में लिया है। उन्होंने जहां से बारुद ली थी, उन जगहों पर भी पुलिस गई है। इस मामले में बीट के थाना प्रभारी, हेड कांस्टेबल, आरक्षक समेत चार लोगों को निलंबित किया है। इस जांच में टीआई और एसडीओपी को भी लिया गया है। साथ ही पूरे प्रदेश में इस तरह के बारूद के अवैध संग्रहण को लेकर पुलिस का अलर्ट किया हुआ है।

**मामले में थाना प्रभारी समेत चार निलंबित**

जयस के 80 सीटों पर चुनाव लड़ने पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस अब अकेले चुनाव लड़ने की स्थिति में रही नहीं है। थोड़े समय में धीरे धीरे जो थोड़ी बची है। इसके बाद राहुल गांधी की यात्रा निकल जाएगी। नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में महाकाल मंदिर में पूजा करने पर तंज सकते हुए कहा कि वह चुनावी हिंदू है। चुनाव में कोट के ऊपर जनेऊ डालते हैं। अब यात्रा के रास्ते में किसी मंदिर नहीं गए।

# सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने फिर उठाया जिहाद का मुद्दा

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती द्वारा चलाए जा रहे शराबबंदी अभियान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं शराबबंदी के लिए उमा दीदी की बात का समर्थन करती हूं। मेरी पार्टी की नेता हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री रही हैं। वो समाज के हित में अच्छा सोच रही हैं कि शराबबंदी होना ही चाहिए। साथ ही उन्होंने लव जिहाद का भी मुद्दा उठाया। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि हिंदू संतान कम पैदा कर रहा है इसलिए हिंदुओं की संख्या घट रही है। हिंदुओ की लड़कियों को लव जिहाद में फंसा कर मुस्लिम बनाया जा रहा है। प्रज्ञा ने कहा कि लव-जिहाद और मतांतरण होने से हिन्दुओं की संख्या कम हो रही है। देश के कई हिस्सों में मतांतरण की साजिश चल रही है। लव जिहाद में फसा कर हिन्दू की ल?की को ले जाते है। देश मे जनसंख्या विस्फोट के पीछे मुस्लिम वर्ग है। यही नहीं साध्वी प्रज्ञा ने क्रिश्चियन समाज पर भी लगाएं हिंदुओ का धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप लगाया। इस्तना ही नहीं उन्होंने आदिवासी युवा शक्ति (जयस) को आदिवासियों के लिए घातक संगठन बताया है। प्रज्ञा ने कहा, च्जयस आदिवासियों और वनवासियों के लिए हितकारी नहीं है। अगर उसके अंदर देखा जाए, तो जयस घातक संगठन है।



# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को लुभाने की कोशिश

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। जहां सीएम अग्रणी उद्योगपतियों से मिलेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पुणे में कई उद्योगपतियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करके उनसे चर्चा करेंगे। प्रदेश में उद्योगों के अवसर और उद्योग लगाने के फायदे बताने के लिए एक दिन का परिषद भी आयोजित करेंगे।**

वहीं वेदांत-फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट गुजरात जाने के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हुआ। ऐसे वक्त में शिवराज सिंह चौहान का पुणे दौरा एक नया विवाद खड़ा कर सकता है। शिवराज सिंह चौहान के इस दौरे को विदेशी कंपनियों के निवेश को अपने-अपने राज्यों में लाने की प्रतिस्पर्द्धा अब देसी निवेश को भी दूसरे राज्यों से अपने राज्य में खींचने की योजना के रूप में देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार पुणे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का गढ़ माना जाता है। दुनिया की ज्यादातर वाहन कंपनियों का कोई ना कोई प्रोजेक्ट पुणे या इसके आस-पास मौजूद है। ऐसे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से मिलकर अपने राज्य में प्रोजेक्ट्स लगाने के फायदे गिनाने वाले हैं। शिवराज सरकार के कई उच्च अधिकारी पुणे में जम कर बैठ गए हैं और अलग-अलग उद्योगपतियों से संपर्क कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र के उद्योगों पर मध्य प्रदेश की नजर

बताया जा रहा है कि फॉक्सकॉन-वेदांत प्रोजेक्ट तो हाल का प्रोजेक्ट है जो महाराष्ट्र की बजाए गुजरात चला गया। इससे पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म इंडस्ट्री को नोएडा में शिफ्ट करने का प्लान आकर समझा गए। कोल्हापुर के कई उद्योग कर्नाटक में छूट ज्यादा दिए जाने की वजह से जा चुके हैं। ऐसे में तेलंगाना, पंजाब जैसे राज्य भी यहां के उद्योगपतियों से सपर्क में बने हुए रहते हैं।

इसके अलावा पुणे महाराष्ट्र की शैक्षणिक राजधानी समझी जाती है। पुणे में कई नामी-गिरामी शैक्षणिक संस्थान हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और भोपाल में युवकों की अच्छी खासी तादाद है। प्रदेश में उद्योग लगाना हुआ तो इसके लिए स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स की भी जरूरत पड़ेगीम इसके लिए मध्य प्रदेश में ऐसे संस्थान खोले जाने की जरूरत है जो इन युवाओं को रोजगार के लिए तैयार कर सकें। और इसी जरूरत के आधार पर सीएम शिवराज सिंह चौहान का पुणे दौरा हो रहा है।

इसे लेकर मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि उद्योगों की स्थापना के लिए मध्य प्रदेश सर्वाधिक अनुकूल है। इस अनुकूलता से देश-विदेश के प्रमुख उद्यमियों को अवगत कराने हुए मध्य प्रदेश में अधिकतम निवेश लाने का लक्ष्य है। विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को साकार करने के लिए अगले वर्ष 11 व 12 जनवरी को इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है।

# महाकाल लोक निर्माण में भ्रष्टाचार

भोपाल , यशभारत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किए गए उज्जैन के श्री महाकाल लोक को बनाने में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इस मामले में मध्यप्रदेश लोकायुक्त संगठन ने आरोप प्राथमिक जांच में सही पाए हैं। इस आधार पर उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह समेत तीन आईएएस अफसरों और 15 लोगों को नोटिस जारी किया है। लोकायुक्त संगठन को मिली शिकायत के अनुसार आरोप है कि अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करके एक ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाया है। इस मामले में लोकायुक्त ने अधिकारियों को नोटिस जारी कर 28 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा है। आरोप के अनुसार महाकाल लोक के प्रथम फेज के निर्माण में निम्न गुणवत्ता की पार्किंग का निर्माण किया गया। ठेकेदार के गलत बिलों को पास किया गया। बिलों को बिना जांच के पास कर दिया गया।लोकायुक्त संगठन ने उज्जैन कलेक्टर और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष आशीष सिंह, उज्जैन समार्ट सिटी के तत्कालीन सीईओ क्षितिज सिंह और तत्कालीन आयुक्त अंशुल गुप्ता को नोटिस भेजा है। इसके अलावा उज्जैन स्मार्ट के निदेशक सोजन सिंह रावत, दीपक रत्नावत, स्वतंत्र निदेशक श्रीनिवास नरसिम्हा राव पांडुरंगी, मुख्य परिचालन अधिकारी आशीष पाठक, तत्कालीन मुख्य परिचालन अधिकारी जितेंद्र सिंह चौहान शामिल है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया गया है। बता दें श्री महाकाल लोक का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। इस पर दोनों चरणों में 856 करोड़ रुपए खर्च का बजट है।

**लोकायुक्त ने कलेक्टर समेत तीन आईएएस अफसरों को नोटिस भेजा**

# इस दिवाली नॉइज पॉल्युशन 50प्रश कम करने का टारगेट 42 इलाकों में करेंगे मॉनिटरिंग

भोपाल, यशभारत। इस दिवाली नॉइज पॉल्युशन 50त्न कम करने का टारगेट है। शहर के 42 इलाकों में मॉनिटरिंग की जाएगी। चार जगह रियल टाइम में मॉनिटरिंग होगी। दिवाली पर सरकार की तरफ से 125 डेसीबल क्षमता तक के पटाखे चलाने की छूट दी जाती है। इस बार भी यही अनुमति है।

बीते साल इस स्तर को लागू करने के बाद 20 से 30 फीसदी तक कम नॉइज पॉल्युशन हुआ था। लेकिन जब पीसीबी के तय किए गए मापदंडों के हिसाब से शहर के प्रत्येक जोन में नॉइज पॉल्युशन की जांच की गई तो यह दोगुना निकला। इस बार इसे रोकने के लिए मापदंड तय किए हैं। जिन पटाखा व्यवसायियों को अनुमति दी गई है, उनके लिए शर्त तय कर दी है कि वे ग्रीन पटाखे जो कम साउंड और कम प्रदूषण फैलाते हैं का ही इस्तेमाल करेंगे।

**चार जगह रियल टाइम**

### शहर के 42 इलाकों से बनाई जाएगी रिपोर्ट

शहर के 42 स्थानों पर एयर और नॉइज पॉल्युशन मापने के लिए डिवाइस लगाए जाएंगे। यह 4 लाइव सेंटर के अलावा रहेंगे। दिवाली के पहले, दौरान और बाद में मापा गया रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। बीते साल सबसे अधिक नॉइज पॉल्युशन सिटी एरिया नगर निगम फतेहगढ़ के पास मिला। हालांकि यह वर्ष 2020 से कम था और 125 डेसीबल से 30 फीसदी कम रहा। दूसरे नंबर पर इंद्रपुरी इलाका रहा है, जहां नॉइज पॉल्युशन का औसत 60 से 65 के बीच रहा। दो साल पहले यहां 70 डीबी से अधिक था। अब कम हुआ है। इसी प्रकार नए शहर में केवल कोलार एकमात्र ऐसा इलाका था, जहां औसत नॉइज पॉल्युशन 65 से 70 के बीच रहा। बाकी शहर में तय मापदंड से कम नॉइज पॉल्युशन हुआ।

### यहां रियल टाइम

नॉइज पॉल्युशन की शहर के चार इलाकों से पहली बार रियल टाइम मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इसमें अरेरा कॉलोनी से लगे पर्यावरण परिसर, गोविंदपुरा इंडस्ट्री एरिया, हमीदिया रोड पर मृगनयनी एम्पोरियम और बैराग? में सिविल हॉस्पिटल के पास रियल टाइम नॉइज पॉल्युशन सेंटर बना दिए गए हैं।

## बीयू ने निकाला बीच का रास्ता

# यूजी फर्स्ट ईयर स्टूडेंट को री-वैल्यूएशन का फॉर्म भरते समय पता चलेगा किस विषय में मिले हैं कितने अंक

**भोपाल, ईएमएस।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बीए, बीएससी, बीकॉम सहित अन्य अंडर ग्रेजुएशन कोर्स के रिजल्ट के बाद रीवैल्यूएशन, रीटोटलिंग और आंसर बुक देखने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यार्थी आवेदन करने से पहले देख सकते हैं कि उन्हें किस विषय में कितने मार्क्स मिले हैं।

इसके बाद छात्र को लगता है कि किसी पेपर में उसके नंबर कम हैं, तो वह उसी वक्त ऑनलाइन रीवैल्यूएशन, रीटोटलिंग और कॉपी देखने के लिए आवेदन कर सकता है। हालांकि फाउंडेशन कोर्स में ऐसी सुविधा नहीं दी गई है, क्योंकि फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा ओएमआर बेस्ड हुई। इसलिए इसके मार्क्स भी नहीं देख सकेंगे।

हालांकि बीयू सभी विद्यार्थियों की ओएमआर शीट और परीक्षा में पूछे गए क्वेश्चन की आंसर की वेबसाइट पर जारी करने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद किसी छात्र को लगता है कि उसने सही उत्तर दिए थे और नंबर नहीं मिले तो वो विवि में आपत्ति दर्ज करा सकता है। इस सुविधा का लाभ यूजी कोर्स के फर्स्ट ईयर के लगभग 75 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।

एफसी के एग्जाम की ओएमआर शीट वेबसाइट पर जारी होंगीरी-वैल्यूएशन फीस - 200 प्रति पेपर, अधिकतम दो पेपर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें संबंधित पेपर मूल्यांकन दोबारा होगा।रीटोटलिंग फीस - 20 रुपए प्रति पेपर, दो पेपर के लिए 40 रुपए, दो से अधिक पेपर के लिए 100 रुपए। इसमें मूल्यांकन के बाद मिले नंबर की गणना दोबारा होगी।आंसर बुक देखने की फीस - 250 रुपए प्रति पेपर। अधिकतम चार पेपर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें एक्सपर्ट के सामने आंसर बुक दिखाई जाती है। यदि आंसरबुक में कोई ऐसा हिस्सा मिलता है जिसका मूल्यांकन नहीं हो सका था तो उसका मूल्यांकन हो जाता है।

### ऑर्डिनेंस के कारण स्टूडेंट और कॉलेज हैं परेशान

नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विवि के लिए एक जैसा आर्डिनेंस- 14(बी) तैयार किया है। इसके अनुसार विद्यार्थियों को मार्कशीट के बजाय ग्रेड शीट दी जा रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को पता नहीं चल पा रहा है कि उन्हें किस विषय में कितने नंबर मिले हैं। इसको लेकर विद्यार्थियों में रोष है। साथ ही कॉलेज भी परेशान हैं।

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिविर का हाल जानने सुरमा पहुंचे विधायक संजय पाठक

## ग्रामीणों से संवाद कर जानी समस्याएं, निराकरण के दिये निर्देश

विजयराघवगढ़,यशभारत। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक गत दिवस मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों की वास्तविकता जानने विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सुरमा पहुंचे। उन्होंने शिविर में आये ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं के संतोषप्रद निराकरण के निर्देश दिये। ग्रामीणों ने कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों के रवैये की शिकायत भी विधायक श्री पाठक से की। विधायक ने तत्काल सम्बन्धित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क कर लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई किये जाने की बात कही।





### हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का संकल्प

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से प्रदेश में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन कर केंद्र और राज्य शासन द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा। ऐसा ही एक शिविर कल बुधवार को विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम सुरमा में आयोजित था। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक इस शिविर का हाल जानने कल स्वयं ग्राम सुरमा पहुंच गए। विधायक श्री पाठक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल गए। उन्हें पूरा भरोसा हो गया कि आज उनकी समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। विधायक श्री पाठक को अपनी समस्याएं बताते हुए किसानों ने बताया कि उनके यहां समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केंद्र स्थापित नहीं किया गया, उचित मूल्य राशन दुकान का भवन भी नहीं है। ग्राम में हाई स्कूल के लिए अपना भवन नहीं है, पात्रता होने के बाद भी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। बिजली की भी समस्या बनी हुई है। विधायक श्री पाठक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। विधायक श्री पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे इन शिविरों का उदेश्य यही है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक आसानी से पहुंचे। उसे अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। विधायक श्री पाठक ने अधिकारियों को ताक़ीद करते हुए कहा कि वे शिविरों में केवल औपचारिता ना निभाएं बल्कि शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर गंभीरता बरतते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का उचित निराकरण करने का पूरा प्रयास करें। शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले यह सरकार का संकल्प है। इसी संकल्प को पूरा करने हर पंचायत में शिविर आयोजित किये जा रहे। इस अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ग्राम सुरमा में आयोजित इस शिविर में एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार विजय द्विवेदी, कैमोर थाना प्रभारी सुदेश सुमन सहित अनेक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### लापरवाह सचिव निलंबित, शिक्षकों पर कार्यवाही के लिए डीईओ को लगाया फोन

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पंचायत सचिव पंचायत में उप्लब्ध नहीं रहते वे महीने में एकाध बार ही आते हैं। विधायक श्री पाठक ने मौके पर मौजूद एसडीएम से ऐसे लापरवाह लिपिक को निलंबित करने की सिफारिश की। शिक्षकों द्वारा समय पर स्कूल नहीं आने और स्कूल आने के बाद भी पढ़ाने- लिखाने के बजाए मोबाइल पर व्यस्त रहने की शिकायत पर विधायक श्री पाठक ने जिला शिक्षा अधिकारी को फोन लगाकर उन्हें इसकी जानकारी दी साथ ही दोषी शिक्षकों पर आवश्यक कार्यवाही की बात भी कही।





सायना इंटरनेशनल स्कूल में मना वार्षिक उत्सव मेला

# बॉलीवुड रेट्रो की थीम पर बच्चों ने किया रैम्प वॉक



कटनी,यशभारत। सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में वार्षिक फेट 18 अक्टूबर को आयोजित किया गया। वार्षिक फेट का षुभारंभ सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा एवं मि. ऋषि अरोरा ने किया। इस मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें विभिन्न प्रकार की दुकानें एक ही परिसर में देखने को मिलीं, साथ ही साथ अनेक व्यंजनों का स्वाद भी बच्चों ने खूब उठाया। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न स्टॉलों में रोचक खेलों का प्रदर्शन भी किया गया। बॉलीवुड रेट्रो की थीम पर 3 से 14 वर्ष तक के बच्चों ने रैम्प वॉक किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती प्रेरणा अरोरा के सफल संचालन के साथ निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन श्रीमती मोनिका सुधांशु मेहानी एवं कोरियाग्राफर रोहित खयानी ने किया। जिसमें बेस्ट टैलेन्ट 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग में क्रिस्टी रजक, 7-10 वर्ष आयु वर्ग में विराट खंडेलवाल एवं 11-14 वर्ष आयु वर्ग में स्नेहा चौधरी ने बाजी मारी। विजेताओं को सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, मि. ऋषि अरोरा एवं सायना किड्स स्कूल की प्रभारी डॉ श्रीमती भारती शर्मा ने पुरस्कृत किया। सायना की चेयरपर्सन डॉ श्रीमती निधि पाठक, सायना एज्यूकेशन सोसायटी की सचिव एवं पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला सत्येंद्र पाठक मम्मी जी, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक पूर्व मंत्री म.प्र.शासन एवं युवा समाज सेवी यश पाठक भी अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बीच बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पहुँचे और उनका उत्साहवर्धन किया। सायना के बच्चों ने देशी- विदेशी धुनों में खूब नृत्य किया। ज्ञात हो कि सायना के छात्रावासी बच्चों को इस उत्सव मेले का बहुत इंतजार रहता है जिसमें वे अपने मित्रों के साथ मिलकर खूब धमाचौकड़ी मचाते हैं। सायना में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए रेफ़ल टिकिट द्वारा राशि एकत्रित कर लकी ड्रा भी निकाला जाता है। इस लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार रेफ्रिजरेटर सायना की छात्रा शाम्भवी सिंह ने प्राप्त किया, वहीं द्वितीय पुरस्कार एलईडी टी वी कटनी के यश्वी पारक एवं तृतीय पुरस्कार माक्रोवेव ओवन अनुराग कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

### परिवहन विभाग ने फिर शुरू की सरल समाधान योजना

# वाहन मालिकों को मिला टैक्स और जुर्माने में छूट का एक और मौका



कटनी,यशभारत। वाहनों पर बकाया टैक्स की वसूली के लिए परिवहन विभाग ने सरल समाधान योजना शुरू की है इस योजना के तहत यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा टैक्स बकाया वाले वाहनों की अगर एकमुश्त राशि जमा कर की जाती है तो उन्हें टैक्स में छूट मिलेगी। यह योजना मार्च 2023 तक के लिए लागू की गई है। राज्य सरकार द्वारा सरल समाधान योजना के संबंध में 30 सितंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है। वाहनों से केवल टैक्स की राशि जमा कराई जाएगी और उसमें भी छूट प्रदान की जाएगी जबकि ब्याज की राशि पूर्णता माफ कर दी जाएगी। किंतु इसके लिए वाहन स्वामी को कुल बकाया राशि को एकमुश्त जमा करना होगा। यह व्यवस्था 30 सितंबर 2022 तक किसी भी वाहन पर मोटरयान कर एवं पेनाल्टी की बकाया राशि को इस योजना में शामिल किया गया है इस योजना के तहत अधिसूचना जारी होने वाली तिथि अर्थात 30 सितंबर से पहले तक टैक्स में छूट और पेनाल्टी को पूरा माफ किया जाएगा। वाहनों को छूट बकाया मूल मोटरयान कर पर आयु वर्ग के हिसाब से निर्धारित दर पर प्रदान की जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार अधिसूचना जारी होने की तारीख को 5 वर्ष पुराने पंजीकृत वाहनों पर 10 वीं सदी की छूट दी जाएगी। जबकि 5 से 10 वर्ष कि पुराने वाहनों पर 20 फ़ीसदी छूट, 10 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर 30 फ़ीसदी छूट और 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर 90 फ़ीसदी तक की टैक्स में छूट दी जावेगी। बता दे ऐसे कई वाहन बस ट्रक अन्य यात्री वाहन एवं माल वाहन जो कि वर्तमान में संचालित नहीं है तथा उनके दस्तावेजों की वैधता समाप्त हो चुकी है किंतु उन पर कर बकाया दर्शित हो रहा है तथा कईऐसे वाहन जोअस्तित्व में ही नहीं है जिन प्रदर्शित हो रहा है ऐसे वाहन स्वामी जो अपने वाहनों का पंजीयन कुछ कारणों से नहीं करवा पाए हैं उस पर राहत देते हुए मध्यप्रदेश शासन ने पेनाल्टी पर पूरी छूट प्रदान कर दी है किंतु इस छूट की समय सीमा 31 मार्च 2023 तक निर्धारित है। सभी वाहन स्वामियों के लिए अत्यंत सुनहरा अवसर है जिससे वह अपने वाहनों पर बकाया कर समाप्त कर सकते हैं एवं टैक्स वसूली के लिए की जाने वाली विभिन्न प्रकार की कार्यवाही यों से बच सकते हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे ऐसे सभी वाहन स्वामियों से जिनके वाहनों पर कर बकाया है अपील की है कि वह इस योजना का ज्यादा से ज्यादा और शीघ्र से शीघ्र लाभ लें।

### दीपावली पर निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त ने दिए निर्देश

आदेश कटनी,यशभारत। शांति समिति की आयोजित बैठक में दीपावली पर्व पर नगर में आवश्यक व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त द्वारा आदेश जारी कर दीवाली पर्व पर निगम प्रशासन की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्वों का आबंटन किया गया है। जारी आदेशानुसार पटाखा दुकानों पर नगर निगम से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए के.पी. मिश्रा प्र.कार्यपालन यंत्री को प्रभारी अधिकारी नियुकत किया जाकर नगर निगम सीमान्तर्गत लगाई गई पटाखों की दुकानों, मेन बाजार, प्रमुख चौराहों, दीपदान हेतु घाटों आदि में विशेष साफ सफाई कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने, समुचित प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल हेतु पानी के टेंकर की व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य शाखा, विद्युत शाखा एवं जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। जारी आदेशानुसार पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क करते हुए चिन्हित स्थलों पर फायर बिग्रेड मय स्टाफके उपस्थित रखनें हेतु कर्मचारियों को निर्देश प्रदान किए गए है।

### मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर तिलक कॉलेज में हुई संगोष्ठी

# आजादी के 100 साल बाद कैसा होगा देश का स्वरूप





कटनी,यशभारत। शासन के आदेशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में ''मेरे सपनों का भारत 2047'' विषय को केन्द्रित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. के. खरे, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बन्दना मिश्रा शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी, महाविद्यालय की प्रशासकीय अधिकारी डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र, डॉ. हेमलता गर्ग विभागाध्यक्ष समाजषास्त्र, डॉ. एम. पी. यादव श्रीमती पदमजा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एंव दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के खरे ने मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के 100 वर्ष, अर्थात 2047 में हमारा भारत कैसा होगा। इसके लिए एक्सन प्लान एंव क्रियान्वयन समय पर होना चाहिए। तथा 2047 में भारत के युवाओं का प्रतिनिधित्व तीन चौथाई होगा। डॉ चित्रा प्रभात प्राध्यापक ने कहा कि भारत 2047 में तकनीकी रुप में एवं शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त होगा। तभी भारत स्वार्णिम भारत की ओर अग्रसर होगा। श्रीमती बन्दना मिश्रा ने मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर विस्तार से जानकारी दी। तथा उन्होंने कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के द्वारा किये गये योगदान को भी रेखांकित किये। भारत विकसित देश की उच्च श्रेणी में रहें। इसके लिए सभी व्यक्तियों को प्रयास करना होगा। तथा उन्होने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। 2047 में भारत की आर्थिक दर उच्च श्रेणी में हो इसके लिए हर क्षेत्र में उच्च स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता आज से है तथा वर्तमान में शोध एंव षिक्षा के क्षेत्र में भी अधिक खर्च करने की आवष्यकता है। तभी भारत में 2047 तक भूखमरी, असमानता नहीं होगी। श्रीमती पद्मजा शुक्ल विभागाध्यक्ष द्वारा विषय का प्रर्वतक किया गया। डॉ. माधुरी गर्ग ने भी इस विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुची सिंह एंव आभार प्रदर्शन डॉ. स्नेहल सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों एंव विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।




# जन शिक्षण संस्थान में रोपे गए फलदार पौधे

कटनी,यशभारत। जन शिक्षण संस्थान कटनी के द्वारा निदेशालय के निर्देशानुसार वृहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन जन शिक्षण संस्थान, कटनी प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कटनी जिले के विभिन्न ब्लॉक रीठी, बहोरीबंद, कटनी मुड़वारा, ढीमरखेड़ा में संचालित तथा प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित किया गया इस ''वृहत वृक्षारोपण'' का प्रमुख उद्येश्य ''ग्रीन इंडिया, स्वच्छ इंडिया'' करने का है। ताकि वातावरण शुद्ध एवं प्रदुषण रहित रहें। मेग्रा वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम तखला में प्रीति सिंह के निर्देशन में किया गया। इसमें ग्राम के सरपंच, पंच में हिस्सा लिया। ग्राम पहाड़ी में प्रशिक्षण केन्द्र में अनुदेशक रिचा नायक के निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आगनवाड़ी में कार्यकर्ता संगीता उपाध्यय व आंगनवाड़ी सहायिका सुशिला दुबे, आशाकार्यकर्ता सविता चौबे का सहयोग सराहनीय रहा। महाराणा प्रताप वार्ड स्लम बस्ती झिंझरी में वृक्षारोपण बबीता सिंह के निर्देशन में किया गया एवं ईश्वरीपुरा वार्ड स्लम बस्ती में शकुन्तला केशरवानी के निर्देशन में किया गया। एवं मंगलनगर में पूजा केशरवानी के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया। ग्राम स्लीमनाबाद ब्लॉक बहोरीबंद में अनुदेशक मुमताज बानो के निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण कराने का प्रमुख उद्येश्य निदेशक जन शिक्षण संस्थान कटनी श्रीमती लाली सिंह ने बताया वातावरण को शुद्ध, स्वच्छ बनाना है। जिससे कोविड-19 जैसे महामारी आने पर ऑक्सीजन की कमी न हो सकें। वृक्षों के अधिकाधिक होने वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर अच्छा रहता है। ग्राम बिलहरी ब्लॉक रीठी में अनुदेशक सीता सोनी के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। फलदार वृक्षो को रौंपा गया। ताकि वातावरण शुद्ध एवं ताजा हो सकें।

### नाटक के माध्यम से छात्रों ने किया समाज के वृद्धजनों का सम्मान



कटनी,यशभारत। बारडोली महाविद्यालय कटनी में पं. दीनदयाल आडिटोरियम में दिनॉक 20/10/2022 को युवा उत्सव महाविद्यालय स्तर के अंतर्गत नाटक के माध्यम से परिवार में वृद्धजनों के सम्मान हेतु मंचन किया गया । इसमें छात्रों ने वर्तमान में बढ़ते एकल परिवार एवं परिवार में वृद्धजनों को वृद्धाआश्रम भेजने की बढ़ती कुप्रथा पर कठोराघात किया। नाटक के प्रमुख पात्रों में अभिषेक चैटर्जी, श्रृष्टि सिन्हा, भारती पांडे, श्याम नारायण, प्रषान्त अर्खेल ने प्रमुख रूप से भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ विधि जैन द्वारा किया गया । कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह ने कहा वृद्धजनों का हमेषा सम्मान करना चाहिए । भविष्य जो हमारी युवा पीढी है वह भी वृद्ध होगी । अपने बच्चों में संस्कार हमेषा वृद्धजनों से प्राप्त होते है। इस रंगारंग कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफराकेष गुप्ता, संगीता जाटव,.मनीषा सिंह चंदेल, विधि जैन, गायत्री मंद्राह, नेहा श्रीवास्तव, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, पवन दाहिया, मनोज प्यासी, सारिका साहू, शैलेन्द्र बड़गैया, नीतू बर्मन, सोनम बर्मन, आदि समस्त स्टाफ एवं बी.एड. डी.एल.एड. बी.ए.बी.एड.के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# ननि ने तेज की कटाएघाट मेले की तैयारियां



कटनी,यशभारत। नगर की सांस्कृतिक विरासत श्री बजरंग कटाये घाट मेला का आयोजन प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ किया जाता है। जिसमें एक सप्ताह तक मेला आयोजित किया जाता है। इस वर्ष कटाए घाट मेले का आयोजन भव्य पूर्ण तरीके से करनें हेतु निर्णय लिया गया है। सभी के आवश्यक सुझाव लिये जाकर मेले का आयोजन भव्य पूर्ण तरीके से किये जाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में शुक्रवार सायंकाल 4 बजे से नगर निगम कार्यालय महापौर कक्ष में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, मेला समिति के सदस्यों एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों के साथ सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जनप्रतिनिधियों, स्कूल के शिक्षकों सहित गणमान्य नागरिकों से आयोजित बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित करने की अपील की है।

# शिविरों में हल हो रही नागरिकों की मूलभूत समस्याएं



कटनी,यशभारत। शासन निर्देश पर आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु रोजाना आयोजित किए जा रहे शिविरों के तहत आज वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 हेतु मध्य रेल्वे शास.उ.मा.विद्यालय न्यू कटनी, वार्ड क्र. 37 एवं 38 हेतु सरस्वती शिशु बाल मंदिर संजय नगर, वार्ड क्र. 42 एवं 45 हेतु रॉबर्ट लाईन कन्या शाला में शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी के साथ गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत रेलवे शास.उ.मा.विद्यालय न्यू कटनी, आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा प्राप्त एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी ली जाकर उपस्थित हितग्राहियों को शासन मंशानुरूप योजनाओं का लाभ दिलानें हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान सबीना बेगम की आयुष्मान कार्ड संबंधी समस्या, अंशिका गंगारा की संबल कार्ड एवं साक्षी व रागिनी कनौजिया की आधार कार्ड अपडेट संबंधी समस्या सुनी जाकर संबंधित स्टॉल के कर्मचारियों के माध्यम से निराकरण मे उचित सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने बताया कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविरों के माध्यम से निरंतर ही नागरिकों नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आयोजित शिविर के तहत शिविर के अंतिम दिवस 21 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 21 हेतु छात्र संग्राम परिषद स्कूल बाबा घाट, वार्ड क्रमांक 39,40 एवं 41 हेतु उप कार्यालय माधव नगर तथा वार्ड क्रमांक 22, 23 एवं 24 हेतु साधूराम उ.मा. शाला में शिविर का आयोजन किया जावेगा।

# भारत के पाकिस्तान दौरे का फैसला गृह मंत्रालय करेगा, खिलाड़ियों की सुरक्षा जरूरी: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली , ईएमएस।** भारतीय टीम के अगले साल पाकिस्तान जाने को लेकर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इसका फैसला गृह मंत्रालय करेगा। उन्होंने गुरुवार (20 अक्तूबर) को कहा कि हमारे लिए खिलाड़ियों की सुरक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण है। अगले साल पाकिस्तान में एशिया कप का आयोजन होना है, लेकिन बीसीसीआई के सचिव और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। उन्होंने भी कहा था कि टूर्नामेंट न्यूट्रल वेन्यू पर होगा। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत किसी की सुनने की स्थिति में नहीं है। खेल मंत्री ने कहा कि वनडे विश्व कप भारत में आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान सहित भाग लेने वाले देशों को सौहार्दपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा और टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलेगा। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने का फैसला गृह मंत्रालय लेगा क्योंकि पाकिस्तान में सुरक्षा को लेकर चिंता है। खेल मंत्री ने कहा, च्च्यह बीसीसीआई का मामला है और वे इस पर टिप्पणी करेंगे। भारत एक खेल महाशक्ति है, जहां कई विश्व कप आयोजित किए गए हैं। वनडे विश्व कप भी अगले साल भारत में होगा और दुनिया भर की सभी बड़ी टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। आप किसी भी खेल में भारत की उपेक्षा नहीं कर सकते। भारत ने खेलों, विशेषकर क्रिकेट में बहुत योगदान दिया है, इसलिए अगले साल विश्व कप का आयोजन किया जाएगा और यह एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होगा। जय शाह के बयान पर पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। इस मामले पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशियन क्रिकेट काउंसिल की आपात बैठक की मांग की है। पीसीबी ने एसीसी से अपील कर कहा कि एशियन क्रिकेट काउंसिल आपात बैठक बुलाकर इस मामले पर फैसला करे। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा था कि अगर भारत पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप को किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराता है तो पीसीबी भारत में होने वाले 2023 वनडे विश्व कप के भी किसी न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित कराने की मांग करेगा।



## 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 2008 एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ते चले गए और भारत कभी पाकिस्तान के दौरे पर नहीं गया। 2013 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनैतिक संबंध और खराब हो गए और यह दोनों देशों के बीच आखिरी सीरीज साबित हुई।

## टी20 वर्ल्ड कप में होना है भारत और पाकिस्तान का मुकाबला

भारतीय टीम अभी ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप के लिए है। वहां उसे पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ ही 23 अक्तूबर को खेलना है। भारतीय टीम रविवार को होने वाले मुकाबले में पाकिस्तान से बदला लेने उतरेगी। पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम ने भारत को 10 विकेट से हराया था। टीम इंडिया पहली बार किसी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान से हारी थी। टीम उस हार का बदला लेने के लिए मेलबर्न में उतरेगी।

# मोहम्मद शमी की वापसी से खतरे में हर्षल की जगह

**नई दिल्ली,एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-12 का आगाज होने में अब महज एक ही दिन का समय रह गया है। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 22 अक्टूबर को खेले जाने वाले पहले मुकाबले से दूसरे राउंड की शुरुआत होगी, वहीं रोहित शर्मा की अगुवाई में पहला आईसीसी इवेंट खेल रही टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। इस महामुकाबले पर भारत-पाकिस्तान समेत दुनियाभर के फैंस की नजरें रहेंगी। ऐसे में क्रिकेट पंडित और पूर्व खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन को लेकर काफी चर्चा कर रहे हैं। भारत की बैटिंग यूनिट तो लगभग तय है, मगर बॉलिंग अटैक में उथल-पुथल मचा हुआ है। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में बॉलिंग काफी फीका नजर आ रहा है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने जिस टीम का चयन किया है उसमें तेज गेंदबाजों में भुवनेश्वर कुमार के साथ मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह शामिल हैं, वहीं स्पिन डिपार्टमेंट में युजवेंद्र चहल, आर अश्विन और अक्षर पटेल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मुकाबले में भारत बॉलिंग अटैक में दो रणनीति के साथ उतर सकता है। पहली रणनीति हो सकती है एक स्पिनर के साथ तीन तेज गेंदबाज खिलाने की, ऐसे में हार्दिक पांड्या पांचवे गेंदबाज की कमी पूरी करेंगे। वहीं दूसरी रणनीति दो स्पिनर के साथ तीन गेंदबाज खिलाने की हो सकती है। मगर इस रणनीति से भारत की बल्लेबाजी में गहराई थोड़ी कम रहेगी। दोनों ही रणनीति में तीन तेज गेंदबाजों का खेलना तया है, ऐसे में मोहम्मद शमी की वापसी से किसका पत्ता कटेगा यह देखने वाली बात होगी। मोहम्मद शमी को जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से शमी ने भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है, मगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्म अप मैच में शमी पूरी लय में दिखाई दिए। रोहित शर्मा ने उन्हें पारी का आखिरी ओवर सौंपा जहां उन्होंने एक रन आउट समेत कुल 4 विकेट चटकाए। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि शमी को पाकिस्तान के खिलाफ मौका मिलना तय है। अगर शमी पाकिस्तान के खिलाफ पहला मुकाबला खेलते हैं तो हर्षल पटेल का पत्ता कटना तय माना जा रहा है। इसका मतलब शमी के साथ तेज बॉलिंग यूनिट का हिस्सा अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह रहेंगे। अर्शदीप के टीम में होने से भारत को एक बाएं हाथ का तेज गेंदबाज मिलेगा जो एंगल का इस्तेमाल कर बल्लेबाजों को परेशान कर सकता है, वहीं भुवी पारी की शुरुआत में अपनी कौशल का बखूबी इस्तेमाल कर सकते हैं। हर्षल पटेल का पत्ता इसलिए भी कट सकता है क्योंकि टीम इंडिया में वापीस के बाद उनका परफॉर्मेंस कुछ खास नहीं रहा है, वह अधिकतर मैचों में महंगे ही साबित हुए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग ङ्खढ्ढ- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत/अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी।



# कटरीना कैफ सोने से पहले भूलकर भी नहीं करतीं ये गलती, बताया अपना डर



मुंबई ,ईएमएस। कटरीना कैफ इस वक्त फिल्म फोन भूत का प्रमोशन कर रही हैं। मूवी में उनके साथ ईशान खट्टर और ईशान चतुर्वेदी हैं। फिल्म हॉरर कॉमेडी है। रिपोर्ट्स हैं कि मूवी में कटरीना भूत के रोल में होंगी। खबरें ये भी हैं कि उनका डबल रोल है। एक रीसेंट इंटरव्यू के दौरान कटरीना से जब पूछा गया कि क्या वह भूतों पर यकीन करती हैं? इस पर उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दूसरे डाइमेंशंस (आयाम) भी हैं। इसके बाद उन्होंने अपने बारे में इंट्रेस्टिंग खुलासा भी किया।

### नहीं देखतीं डरावनी फिल्में

कटरीना कैफ लंबे वक्त बाद फिल्म फोन भूत में दिखाई देंगी। उन्होंने ईटाइम्स से बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें किस चीज से डर लगता है। कटरीना बताती है, अगर वह रात में कुछ डरावना देख लेती हैं तो सो नहीं पातीं। उन्हें बुरे सपने आते हैं। कटरीना ने उस वक्त के बारे में भी बताया जब वह रात में लाइट जलाकर या टीवी चलाकर सोती थीं। कटरीना ने बताया कि वह हैपी फिल्में देखती हैं ताकि चैन से सो पाएं।

### खोल रही हैं पर्सनल लाइफ के भी राज

फिल्म के प्रमोशन के दौरान कटरीना अपनी पर्सनल लाइफ के राज भी खोल रही हैं। रीसेंटली उन्होंने बताया था कि विकी कौशल को पहली बार फिल्म मनमर्जियां के प्रोमो के दौरान देखा था। उस वक्त उनके मन में आया था कि कितना टैलंटेड लड़का है।

### इन फिल्मों में नजर आएंगी कटरीना

वर्क फ्रंट पर बात करें तो कटरीना कैफ को आखिरी बार फिल्म सूर्यवंशी में देखा गया था। अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो कटरीना फोन भूत के अलावा सलमान खान के साथ टाइगर 3 में नजर आएंगी। मूवी में इमरान हाशमी भी हैं। वहीं मेरी क्रिसमस में विजय सेतुपति के साथ ऐक्टिंग करेंगी।

# वेश्या समाज से आईं नटी बिनोदिनी का किरदार निभाएंगी कंगना रनौत, इनकी स्टोरी जानकर छलक पड़ेंगे आंसू

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कंगना रनौत ने हाल ही में अनाउंसमेंट की है कि वह एक नई बायोपिक करने वाली हैं जिसमें वह बंगाल की पॉपुलर थिएटर आर्टिस्ट नटी बिनोदिनी का किरदार निभाएंगी। कंगना की इस अनाउंसमेंट के बाद सभी नटी बिनोदिनी के बारे में और जानना चाहते हैं। नटी बिनोदिनी का जन्म कोलकाता में वेश्यावृति समाज में हुआ था। नटी ने एक्टिंग में अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में की थी और 23 साल की उम्र में उन्होंने काम करना छोड़ दिया। नटी का परिवार काफी गरीब था और ऐसा कहा जाता है कि वे प्रॉस्टिट्यूशन में भी शामिल थे। इतना ही नहीं नटी ने अपनी बायोग्राफी में खुद को भी प्रोस्टिट्यूट कहा है। नटी की शादी 5 साल की उम्र में हो गई थी, लेकिन फिर उनका पति से कोई कनेक्शन नहीं रहा।

### नटी का एक्टिंग करियर

नटी ने ग्रेट नेशनल थिएटर में द्रौपदी के छोटे रोल से डेब्यू किया था। उन्होंने बंगाल थिएटर में भी काम किया था। इसके बाद नटी ने फेमस एक्टर और प्ले राइटर गिरी चंद्र घोष से एक्टिंग सीखी और फिर 1883 में दोनों ने मिलकर स्टार थिएटर की शुरुआत की।एक अच्छी एक्ट्रेस होने के बावजूद नटी को समाज द्वारा काफी नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। नटी को राइटिंग भी बहुत पसंद थी और उन्होंने खुद की ऑटो बायोग्राफी अमर कथा भी लिखी। इसके अलावा उन्होंने कई कविताएं और कहानियां भी लिखी थीं। ऐसा कहा जाता है कि नटी को अपनी जिंदगी में कई धोखे मिले और इसके बाद ही उन्होंने थिएटर से मुंह मोड़ लिया है। इतना ही नहीं, उनकी एक बेटी भी थी, लेकिन 12 साल की उम्र में वो भी दुनिया छोड़कर चली गई। वहीं नटी का निधन 41 की उम्र में हो गया था।

### कंगना की तीसरी बायोपिक

कंगना लगता है बायोपिक फिल्मों पर ज्यादा फोकस कर रही हैं। जयललिता के बाद कंगना अब फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगे जो इंदिरा गांधी पर आधारित है। वहीं इसके बाद वह फिर नटी की बायोपिक में दिखेंगी। नटी बिनोदिनी को प्रदीप सरकार बना रहे हैं जिन्होंने परिणीता जैसी शानदार फिल्म बनाई।

# पैसे मांगने आए गरीब बच्चों के साथ काजोल ने ऐसा क्या किया कि हो गईं ट्रोल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** काजोल देवगन का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह किसी दुकान से बाहर आते हुए दिख रही हैं। इस दौरान कुछ गरीब बच्चे काजोल से पैसे मांगने आ जाते हैं। पहले तो काजोल उस बच्ची के सिर पर हाथ रखकर इग्नोर करती हैं। फिर जब बच्ची गाड़ी तक पहुंच जाती हैं तो काजोल गाड़ी का दरवाजा खोलकर बच्ची को पैसे देती हैं। हालांकि फिर जब दूसरा बच्चा वहां आता है तो काजोल उसे पैसे नहीं देती हैं और खिड़की के शीशे चढ़ा देती हैं। काजोल के इस वीडियो पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है कि क्या वह बच्चों को पैसे नहीं दे सकतीं। हालांकि कई यूजर्स काजोल का सपोर्ट कर रहे हैं और कमेंट कर रहे हैं कि अगर इन बच्चों को पैसे देते रहें तो ये फिर ऐसे ही कमाएंगे। तो किसी ने कमेंट किया कि हम भी जब बाहर जाते हैं और ऐसे बच्चे हमारे पास आते हैं तो हम भी कौनसा सभी को पैसे देते हैं। काजोल की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट फिल्म त्रिभंगा में नजर आई थीं जो नेटफ्लिक्स की फिल्म थी। वहीं इससे पहले वह तान्हाजी द अनसंग वॉरियरर में अजय देवगन के साथ नजर आई थीं। फिल्म में वह अजय की पत्नी ही बनी थीं।अब काजोल फिल्म सलाम वेंकी में नजर आने वाली हैं। हालांकि इस फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। हालांकि ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी।

# एक और बदलाव की तैयारी में बीसीसीआई, चेतन शर्मा की जगह मुख्य चयनकर्ता पद के लिए ये हैं बड़े दावेदार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के बाद एक और बड़े बदलाव की तैयारी में है। बोर्ड राष्ट्रीय चयन समिति में नए चेहरों को जगह दे सकता है। ऐसे में मौजूदा मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा की किस्मत भी अधर में लटकी हुई है। बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप के बाद चयन समिति में फेरबदल कर सकता है। बोर्ड मौजूदा चयन समिति के फैसलों में निरंतरता की कमी से नाखुश दिख रहा है।

**चयन समिति में जगह पाने की लिस्ट में कौन-कौन हैं?-** पूर्व क्षेत्र से चयन समिति में शामिल होने के लिए बहुत ज्यादा योग्य टेस्ट क्रिकेटर नहीं हैं। ओडिशा के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास और बंदाल के दीप दासगुप्ता का नाम आगे हैं। शिव सुंदर दास के पास 23 टेस्ट और चार वनडे का अनुभव है। वहीं, दीप दासगुप्ता ने आठ टेस्ट और पांच वनडे खेले हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि जूनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता रानादेब बोस दावेदारों में हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने भारत के लिए मैच नहीं खेला है। बंगाल के पूर्व वनडे खिलाड़ी लक्ष्मी रतन शुक्ला और ओडिशा के संजय राउल हैं, जो इसके लिए पात्र हैं। भारत के मौजूदा तेज गेंदबाज उमेश यादव के कोच सुब्रतो बनर्जी भी उम्मीदवार हो सकते हैं। शुक्ला ने तीन वनडे, संजय राउल ने दो वनडे और सुब्रतो बनर्जी ने एक टेस्ट के साथ छह वनडे खेले हैं। अभय कुरुविला चार साल (जूनियर पैनल में तीन साल सहित) पूरा करने के बाद से बीसीसीआई के संचालन कार्य में चले गए हैं। इससे पश्चिम क्षेत्र की सीट खाली रह गई है, जिसे भरने की आवश्यकता होगी। पिछली बार, अजीत अगरकर चयन समिति में शामिल होने के सबसे करीब थे, लेकिन उनकी अपनी राज्य इकाई मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की आपत्ति एक बाधा बन गई। दक्षिण क्षेत्र के उम्मीदवार सुनील जोशी भी चयन समिति में शामिल हो सकते हैं।

# अंतर जिला जिला अंडर 18 बालक वर्ग क्रिकेट में छिंदवाड़ा को महत्वपूर्ण बढ़त



**जबलपुर, यशभारत।** जे डी सी ए के तत्वावधान में एम पी सी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में अंतर जिला जिला अंडर 18 बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा ने मंडला पर शानदार बढ़त दर्ज की । जे डी सी ए सचिव धर्मेश पटेल ने बताया कि टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा जिले ने पहली पारी में 71.5 ओवरों में सभी विकेट गंवा कर 267 रन बनाए, पहले विकेट के लिए सेजल भाले व आदर्श सिंग ने पहले विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी की, वेदांत जोशी ने 99 गेंदों में 14 चौकों तथा 04 छक्के सहित शानदार बल्लेबाजी करते हुए 109 रनों की पारी खेली। सेजल भादे ने 54 रनों की पारी में 09 चौंके लगाएं , वेदांत ने 29 रनों की पारी खेली।मंडला जिले से प्रखर पांडे ने 04, खुशाकं मरकाम 03, पुष्कर कछवाहा ने 02 विकेट लिए। मंडला जिले की पहली पारी मात्र 84 रनों पर सिमट गई 23.2 ओवरों में पुष्कर कछवाहा 20, संदीप सत्यम 16 रनों की पारी खेली।छिंदवाड़ा जिले से गेंदबाजी करते हुए श्रीमंत पाटनकर ने 04 तथा अमन ठाकुर ने 03 विकेट लिए।छिंदवाड़ा जिले को पहली पारी में 183 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

## दिल्ली में आयोजित 23वीं ऑल इंडिया रोप स्कीपिंग में सभी वर्गो में सोना जीता

# रोप स्कीपिंग में जबलपुर की बेटियों ने इतिहास रचा



**जबलपुर,यशभारत।** दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में सम्पन्न हुई 23वीं ऑल इंडिया रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता में संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम उपलब्धि हासिंल की। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ एवं जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने रोप स्कीपिंग की डिस्ट्रिक सेकेट्री और कोच सारिका सिंह खान और ज्वाइंट सेकेट्री एवं एम.पी कोच दिनेश गौंड़ के नेतृत्व में हिस्सा लेकर सभी वर्गो में स्वर्ण पदक हांसिल किया। वहीं दूसरी ओर शासकीय क.उ.मा.वि. ब्योहारबाग की छात्राएं कंचन गौड़ एवं रिषिका श्रीवास्तव द्वारा इंडोरेन्स इवेन्ट में क्रमश: 4099 और 5884 बार स्कीपिंग कर अंतर्राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर इतिहास रचा गया। इनमें शासकीय कन्या उ.मा.वि. ब्योहार बाग, सेंट अलासियस, महर्षि और रेयान स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर पदक हांसिल कर संस्कारी धानी जबलपुर के साथ ही प्रदेष और शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया। इस अवसर पर जिला रोप स्किपिंग के मुख्यसंरक्षक विधायक संजय शर्मा एवं संरक्षक प्रो.कमलेश मिश्रा,रॉबर्ट मार्टिन, एम.पी.सेकेट्री शैलेष शुकला, प्राचार्य एस.के.शर्मा, सारिका सिंह खान, आषा सिसोदिया, दिनेष गौं?, इमाम बख्श, अकबर खान, राकेष श्रीवास, चंदा सोनी, पूजा सोनकर (कोच), रिकांछा मेहरा, अकांझा सेनी, मधुमिता, हाजरा, चन्द्र शेखर स्वामी, धनराज पिल्ले, शहीर मुमता?, सुधीर अवधिया, हेमलता तिवारी, पूनम कुटे, सुषमा वर्मा, मोदित रजक, जितेन्द्र रजक, हिमांषु शुक्ला, क्रिस्टोफर नरोन्हा, रविन्द्र नाग, मुकेष पटेल, राजेश सिंग, मनोज शुक्ला, शेखर पाठक आदि ने इन्हे बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही अन्य प्रांत के कोच मैनेजरों के साथ ही अविभावकों ने सभी बच्चों को बधाई दी।



# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में चित्रा और पुरुषोत्तम ने जीते पदक

**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिनों महाराष्ट्र के चंद्रपुर में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मारुति हेल्थ क्लब के पुरुषोत्तम रजक ने रजत पदक एवं चित्रानायडू ने कांस्य पदक जीता। यह दोनों खिलाड़ी मारुति हेल्थ क्लब में अंतर्राष्टीय पावरलिफ्टर आनंद कुमार पटेल के द्वारा सगन अभ्यास रखें। इनकी इस विशेष उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, अर्जुन अवॉर्डी सुश्री मधु यादव बाबू विश्व मोहन,डॉ प्रशांत मिश्र, संजय बिल्लोरे , अबदुल अफिस, और मो आजाद ने बधाई प्रेषित की।

# अधिकारियों ने किया शहीदों का सम्मान

## शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, डीजे, कलेक्टर व एसपी ने श्रद्धासुमन किए अर्पित



**कटनी, यशभारत।** हर साल 21 अक्टूबर को पूरे देश में सभी पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1959 में चीन के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दस पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद कराता है। पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आज शुक्रवार को विशेष परेड और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वर्ष भर में शहीद हुए पुलिस कर्मियों की याद में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार अग्रवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित अनेक पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधि ने भी शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित किए। इस अवसर पर परेड का आयोजन हुआ और बैंड ने शहीदों की याद में बिगुल बजाया। पुलिसकर्मियों ने परेड का प्रदर्शन किया और शहीदों के सम्मान में शस्त्र उल्टे किए। इस अवसर पर जेएमएफसी अरूण कुमार गोयल, अग्नेन्द्र द्विवेदी, एडीएम रोमोनुस टोप्पो, प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक लवली सोनी, सभी थाना व चौकी प्रभारी सहित अनेक अधिकारी जनप्रतिनिध मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि 21 अक्टूबर को संपूर्ण भारतवर्ष में प्रतिवर्ष शहीद दिवस परेड का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी हमने आज पुलिस लाइन में परेड ग्राउंड पर शहीद दिवस में परेड का आयोजन किया। पिछले एक वर्ष में भारत में जो पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी शहीद हुए थे उन्हें गणमान्य द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। हमें ध्यान देना है कि हमारे जो शहीद अधिकारी हैं, उनके परिवार को हमें इज्जत देनी है, उनका ध्यान रखना है।



# भाजपा के बाद कांग्रेस को भी मिलेंगे नए जिलाध्यक्ष

### कांग्रेस संगठन में जल्द होने जा रहा फेरबदल

**कटनी,यशभारत।** देश में कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने संगठन में सर्जरी का मन बना लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही करीब 36 जिला कांग्रेस अध्यक्षों को बदला जा रहा है, जिसमें कटनी भी शामिल है। सप्ताह भर के भीतर जिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण में नए अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है। पता तो यह भी चला है कि जिन्हें कमान सौंपी जा रही है उनके नाम तय हो चुके हैं, केवल अब औपचारिकता ही शेष है।



विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस में कसावट की तैयारी चल रही है। इसका असर जिलों तक महसूस किया जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस के मुखिया कमलनाथ ने अनेक जिलों में संगठन का चेहरा बदलने का मन बना लिया है। कटनी में जिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में कटनी के दोनों अध्यक्ष बदलने की खबर है। शहर अध्यक्ष के लिए मौजूदा अध्यक्ष मिथलेश जैन, विजेंद्र मिश्र राजाभैया, प्रियदर्शन गौर, विक्रम खंपरिया के नाम हैं तो ग्रामीण अध्यक्ष के लिए गुमान सिंह समेत, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, करण सिंह चौहान, मो. हारिश रूस्तम भाई, विजय पटैल आदि दौड़ में बताये जा रहे हैं। फिलहाल विक्रम खम्परिया और करण सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष हैं।

# शराब पीकर कार चलाते मिले युवक को चिकित्सक ने दी क्लीनचिट

### हैरत में पड़कर पुलिस ने भी छोड़ा



**कटनी, यशभारत।** रात दो बजे तेज रफ्तार दौड़ रही कार को कोतवाली पुलिस ने रोका तो वह हैरत में पड़ गई। कार की सीट को बार की तरह उपयोग में लाया जा रहा था। बोतल, गिलास, पानी सहित शराब के नशे में उपयोग होने वाला सामान पड़ा हुआ था। युवक से पूछताछ की तो वह सही तरीके से पुलिसकर्मियों से बात भी नहीं कर पा रहा था। पुलिस युवक को पकड़कर मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस के जवान उस वक्त हैरान हो गए जब डॉक्टर ने परीक्षण किया और कहा कि युवक ने शराब नहीं पी है। मामला बुधवार-गुरुवार की दरम्यिानी रात को दुबे कॉलोनी क्षेत्र का है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि यहां जांच के दौरान कार क्रमांक यू.पी.32एलआर-4953 को तेज रफ्तार के कारण रोका गया। कार के अंदर शराब सहित अन्य सामान बिखरा हुआ था। कार सवार युवक हेमंत अवस्थी पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब भी नहीं दे पा रहा था, जिसके बाद उसे मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लाया गया। जहां जांच में एल्कोहल न मिलने पर उसे छोड़ दिया गया।

#### इनका कहना है

शराब के नशे में मिलने पर युवक को पकड़ा गया था। इसके अलावा अन्य 3 युवकों को पकड़ा गया। जिला अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टर ने सभी को ड्रिंक न किए होने की रिपोर्ट दी है।

**– अजय बहादुर सिंह,**
कोतवाली प्रभारी













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)